* वर्ष 40 * अंक 237 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर रविवार दिनांक 15 जून 2025

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

### नीट यूजी 2025 रिजल्ट

## राजस्थान के महेश केसवानी टॉपर




### कहा- यूपीएससी करना चाहता था, टीचर ने नीट की सलाह दी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट यूजी 2025 का रिजल्ट शनिवार को जारी कर दिया। 20.08 लाख स्टूडेंट्स बैठे थे। इनमें से 12.36 लाख स्टूडेंट्स क्वालिफाई हुए हैं। राजस्थान के हनुमानगढ़ के महेश केसवानी ने टॉप किया है। उन्हें 720 में से 686 मार्क्स मिले हैं।

**आर्ट्स लेकर यूपीएससी करना चाहते थे महेश :** ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल करने वाले हनुमानगढ़ के महेश केसवानी ने बताया कि 10वीं के बाद वो आर्ट्स लेकर यूपीएससी की तैयारी करना चाहते थे। मगर एक टीचर के समझाने से उन्होंने साइंस ली और नीट की तैयारी करने लगे।

**एमपी के उत्कर्ष सेकेंड, महाराष्ट्र के कृषांग थर्ड टॉपर**

मप्र के इंदौर के उत्कर्ष अवधिया की सेकेंड और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी की थर्ड रैंक आई है। टॉप 10 में केवल 1 लड़की है। दिल्ली की अविका अग्रवाल को फीमेल कैटेगरी में पहला स्थान मिला है।

**पिछले साल से घट गया कट-ऑफ**

2024 में अनारक्षित कैटेगरी के लिए कट-ऑफ स्कोर 162 था, जो इस साल घटकर 144 हो गया है। बीते साल ऑल इंडिया 1 पर 17 स्टूडेंट्स थे। इन सभी ने 720 में से 720 स्कोर किए थे। इस साल मुश्किल पेपर की वजह से टॉपर का स्कोर और कट-ऑफ नीचे आ गया है।

**75 छात्रों का रिजल्ट नहीं जारी होगा**

इंदौर के सेंटर्स पर नीट यूजी परीक्षा देने वाले 75 कैंडिडेट्स ने शिकायत की थी कि 4 मई को आंधी-तूफान और बिजली चली जाने की वजह से उनका पेपर बिगड़ गया। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में दायर याचिकाओं पर 9 जून को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा है कि एनटीए इन 75 कैंडिडेट्स को छोड़कर बाकी सभी का रिजल्ट जारी कर सकता है। इन 75 छात्रों का रिजल्ट बाद में जारी किया जाएगा। इसके बाद नीट यूजी 2025 की फाइनल मेरिट बनेगा।

## साउथ अफ्रीका पहली बार वर्ल्ड चैंपियन

### डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया, 27 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट जीता



**लंदन (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) जीत ली है। टीम ने शनिवार को डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हरा दिया। साउथ अफ्रीका क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट में पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बना है। इतना ही नहीं, टीम ने 27 साल के बाद कोई आईसीसी टूर्नामेंट जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में मैच के चौथे दिन लंच से पहले साउथ अफ्रीका ने 282 रन का टारगेट 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ऐडन मार्करम ने 136 रन बनाए, जबकि टेम्बा बावुमा ने 66 रन की पारी खेली। काइल वेरियन ने 84वें ओवर में मिचेल स्टार्क के खिलाफ सिंगल लिया और अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। वे 4 रन बनाकर डेविड बेडिंघम (21 रन) के साथ नॉटआउट रहे। ऐडन मार्करम प्लेयर ऑफ द मैच रहे। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 218 रन बनाते हुए साउथ अफ्रीका को 282 रन का टारगेट दिया था। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 212 और साउथ अफ्रीका ने 138 रन बनाए। यहां कंगारू टीम को 74 रन की बढ़त मिली थी।

### अहमदाबाद विमान हादसा : विमान की टेल में फंसा मिला एक और शव, 8 घायलों का ईलाज जारी

# 170 ताबूत तैयार करने का ऑर्डर : 275 हुई मृतकों की संख्या; 248 डीएनए सैंपल्स लिए, 15 शवों की पहचान

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अहमदाबाद विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंचा गया है। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत का ऑर्डर दिया गया। बड़ोदरा के शख्स ने बताया कि एअर इंडिया के मैनेजर ने फोन कर ताबूतों का ऑर्डर दिया। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के डिप्टी सिविल सुपरिंटेंडेंट रजनीश पटेल ने शनिवार को कहा कि अब तक 248 शवों के डीएनए सैंपल्स का क्रॉस वेरिफिकेशन हुआ है। जिसमें से 15 का डीएनए मैच हुआ है।

पटेल ने कहा कि 3 शव उनके परिवार को सौंपे गया। शुक्रवार का 8 शव उनके परिजनों को हैंडओवर किया गया था। कुल 11 शव सौंपे जा चुके हैं। 8 घायलों का इलाज चल रहा है, एक की हालत गंभीर है। वहीं, सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया- केंद्रीय गृह सचिव के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की गई है। जो 3 महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इससे पहले बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से जब मलबा हटाया जा रहा था, तब विमान की टेल (पिछले हिस्से) में फंसा हुआ शव दिखा था। इसका पोस्टमॉर्टम हुआ है। कहा जा रहा है कि यह शव एयर होस्टेस का हो सकता है।



**शव से जुड़ी जानकारी के लिए अस्पताल ने नंबर जारी किए**

अहमदाबाद सिविल अस्पताल ने शवों की जानकारी के लिए नंबर जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि केवल इन नंबरों अधिकृत व्यक्ति के किए कॉल पर ही ध्यान दें। यह कॉल ष्ठह्न मैच और शव के आने की सूचना देगा। 9429915911, 9429916096, 9429916118, 9429916378, 9429916608, 9429916622, 9429916682, 9429916758, 9429916771, 9429916875।

### दुर्घटनाग्रस्त प्लेन के पायलट बोले थे- मेडे, मेडे...थ्रस्ट नहीं मिल रहा, प्लेन उठ नहीं रहा


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 12 जून 2025 का दिन। एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 ने दोपहर 1.39 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट से लंदन के लिए टेकऑफ किया। प्लेन 625 फीट की ऊंचाई तक पहुंचता है और 174 नॉट्स की टॉप स्पीड हासिल करता है, फिर तेजी से नीचे आने लगता है। पायलट सुमीत सभरवाल और को-पायलट क्लाइव कुंदर एयर ट्रैफिक कंट्रोल यानी एटीसी को 'मेडे' कॉल करते हैं।

सुमित सभरवाल कहते हैं- मेडे, मेडे, मेडे... थ्रस्ट नहीं मिल रहा, प्लेन उठ नहीं रहा। सुमित को 8,200 घंटे से ज्यादा का फ्लाइंग एक्सपीरियंस था। को पायलट को भी 1,100 घंटे का फ्लाइंग एक्सपीरियंस था। फिर ऐसा क्या हुआ कि चंद सेकेंड में ही एअर इंडिया की ये फ्लाइट एक बड़ा आग का गोला बन गई। ये पायलट की किसी गलती से हुआ या तकनीकी दिक्कत से। इस हादसे में 242 यात्रियों और क्रू मेंबर्स में से 241 की मौत हो गई। सिर्फ एक भारतीय मूल के ब्रिटिश यात्री की जान बची। यह बोइंग 787-8 के इतिहास का पहला क्रैश था। हादसे की जांच शुरू हो चुकी है।




क्रेन से प्लेन का मलबा हटाते हुए

## इजराइल के 40 घंटे से लगातार ईरान पर हमले जारी, गैस रिफाइनरी समेत 150 टारगेट हिट किए; ईरान ने कहा- हमारा एयरडिफेंस सिस्टम एक्टिव



**तेहरान/तेल अवीव (एजेंसी)।** ईरान पर बीते 40 घंटे से लगातार इजराइली हमले जारी हैं। इजराइल ने दावा किया है कि उसने ईरान में पार्स गैस रिफाइनरी समेत 150 से ज्यादा ठिकानों को हिट किया है। शनिवार देर रात भी ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर हमला किया गया। ईरान ने दावा किया कि इस पोर्ट पर एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव है।



तीन दिन की लड़ाई में अब तक 138 ईरानी मारे जा चुके हैं, जबकि 350 से ज्यादा घायल हैं। इनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल हैं। ईरान ने भी जवाबी हमला करते हुए इजराइल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागीं। इसमें से करीब 6 मिसाइलें राजधानी तेल अवीव में गिरीं। इजराइल में 3 लोगों मारे गए, 90 से ज्यादा घायल हैं। ईरान ने 3 ईरानी एफ-35 विमान गिराने का दावा किया है। इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने धमकी देते हुए कहा कि जल्द ही इजराइली एयरफोर्स ईरान के हर ठिकाने पर हमला करेगी। ईरान आने वाले दिनों में वो महसूस करेगा जो आज के हालातों के सामने कुछ भी नहीं होगा।

## ईरान-इजराइल युद्ध में फंसे 61 राजस्थानी

### सभी उड़ानें रद्द, जैसलमेर के सीए भाविक भाटिया भी पत्नी-बच्चे समेत जार्जिया में फंसे



**जैसलमेर (एजेंसी)।** इजराइल-ईरान के बीच शुरू हुए भीषण युद्ध के कारण तीन बच्चों समेत 61 राजस्थानी विदेश में फंस गए हैं। इन सभी को शुक्रवार को एयर अरेबिया एयर अरेबिया से भारत लौटना था। इस युद्ध के कारण कई देशों ने अपनी हवाई सेवा रद्द कर दी है। इस कारण बड़ी संख्या में भारतीय नागरिकों के विदेशों में फंसने की जानकारी मिली है। इसी कड़ी राजस्थान से जॉर्जिया गए चार्टेड एकाउंटेंट्स एसोसिएशन के 61 राजस्थानी नागरिक भी इस युद्ध में फंस गए हैं। इनमें बड़ी संख्या में चार्टेड एकाउंटेंट व उनके परिवार के लोग शामिल हैं, जो जार्जिया में कॉन्फ्रेंस अटेंड करने गए थे।

**जैसलमेर के तीन सदस्य शामिल :** इस ग्रुप में जैसलमेर के भी 3 सदस्य शामिल हैं। सभी ने मिलकर भारत सरकार से उनको जार्जिया से सुरक्षित निकालकर भारत लाने की गुहार लगाई है। इसके लिए जैसलमेर के ष्ट भाविक भाटिया ने सरकार को ट्वीट भी किए हैं। उन्होंने पीएमओ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री जयशंकर सहित अन्य को ट्वीट कर उन्हें वहां से सुरक्षित बाहर निकालने की गुहार की है।

## 24 घंटे में कोरोना के 269 नए मरीज मिले

### देश में अब तक 87 जानें गईं, 7400 एक्टिव केस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 269 नए केस सामने आए हैं। शनिवार सुबह 8 बजे तक देशभर में कोरोना के 7400 एक्टिव मामले हैं। वहीं मौत का आंकड़ा बढ़कर 87 हो गया। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 25 मौतें हुई हैं। शुक्रवार को राजस्थान और केरल में दो लोगों की कोरोना से मौत हो गई। राजस्थान में 70 साल की महिला और केरल में 82 साल के बुजुर्ग ने सांस लेने में तकलीफ के चलते दम तोड़ दिया। राजस्थान में यह कोरोना से इस साल में यह दूसरी मौत है, जबकि केरल में जनवरी से अब तक 23 लोगों की जान गई है। केरल में इस वक्त देश के सबसे ज्यादा 2109 कोविड मरीज हैं। हालांकि, गुरुवार तक 2165 एक्टिव केस थे।

**राजस्थान :** राजस्थान में शुक्रवार को कोरोना के 34 नए मरीज मिले। उदयपुर के आरएनटी मेडिकल कॉलेज के अटैच हॉस्पिटल में भर्ती 70 साल की बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला को सांस लेने में तकलीफ के कारण भर्ती कराया गया था। जांच में महिला की कोरोना रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। इससे पहले जयपुर में पिछले महीने एक मरीज की मौत हुई थी।

**उत्तर प्रदेश :** उत्तर प्रदेश सरकार ने कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए सावधानी बरतने का निर्देश जारी किया है। प्रमुख स्वास्थ्य अधिकारियों ने सभी अस्पतालों को जरूरी दवाएं, पीपीई




किट, जांच सुविधाएं, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर, आईसीयू और वेंटिलेटर जैसी सुविधाओं को तैयार रखने को कहा है।

**गुजरात :** राज्य में शुक्रवार सुबह 8 बजे तक कोविड-19 के 1358 एक्टिव मामले दर्ज हुए। गुरुवार को मरीजों की संख्या 1,281 थी। 10 जून को 223 नए मामले सामने आए थे, जो 9 जून के 235 मामलों से थोड़े कम थे। राज्य में अब तक दो लोगों की मौत भी हुई है।

## राजस्थान-मप्र में दिनभर लू चली, शाम को बारिश

### असम के गुवाहाटी में बाढ़ के हालात; यूपी के वाराणसी में टेम्परेचर 42 डिग्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मानसून ने एक बार फिर से रफ्तार पकड़ ली है। पिछले 6 दिन से पड़ रही तेज गर्मी के बाद राजस्थान, मध्य प्रदेश के कई शहरों में शनिवार शाम को बारिश हुई। राजस्थान के श्रीगंगानगर, बीकानेर, अजमेर में प्री-मानसून एक्टिव रहा। शुक्रवार को श्रीगंगानगर देश का सबसे गर्म शहर था। यहां तापमान 49.4 डिग्री पहुंच गया था। वहीं उत्तर प्रदेश के वाराणसी और मथुरा में अभी भी गर्मी और लू से राहत नहीं मिली है। वाराणसी में 42 डिग्री टेम्प्रेचर के कारण ट्रांसफॉर्मर फेल हो गए, जिन्हें कूलर से ठंडा किया गया। मथुरा में पारा 41 डिग्री पहुंच गया। यहां स्प्रिंकलर से सड़कों पर पानी छिड़का गया। आईएमडी के वैज्ञानिक नरेश कुमार ने बताया कि मानसून महाराष्ट्र में एक्टिव है। अगले दो दिनों में गुजरात की ओर बढ़ेगा, फिर ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों को कवर करेगा। मध्य प्रदेश में 16 जून तक मानसून की एंट्री हो सकती है।



मेप प्रतीकात्मक है
सोर्स : survey of india

पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश का दौर जारी है। यह अगले दो दिनों में और ज्यादा असर दिखाएगा। शनिवार को असम के गुवाहाटी में बारिश के बाद आई बाढ़ से जन-जीवन प्रभावित हुआ है। उधर बीती रात पुणे में भारी बरसात हुई। पिंपरी चिंचवड़ शहर की सड़कों पर पानी भर गया। नाले में चार से पांच गाड़ियां बह गईं, गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ।

## बीएसएफ की नई ड्रेस का लुक आया सामने : इसे कॉपी करना अपराध होगा : स्टाइलिश होने के साथ 50 डिग्री तापमान में भी होगी उपयोगी

**जैसलमेर (पुकार)।** बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) का जवान अब एक नए और मॉडर्न लुक में नजर आएगा। नई ड्रेस का पहला लुक जैसलमेर में देश की पश्चिमी सीमा पर देखने को मिला।

बीएसएफ डीजी योगेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया- इस खास डिजिटल कॉम्बैट ड्रेस को बीएसएफ ने ही डिजाइन किया है। इसलिए इसे पेटेंट भी करवाया गया है, ताकि कोई भी इसको कॉपी नहीं कर सके। इससे बाजार में इसकी बिक्री और दुरुपयोग को रोका जा सकेगा। अगर कोई ऐसा करेगा तो वो अपराध माना जाएगा।

ये ड्रेस न केवल स्टाइलिश है, बल्कि जवानों के आराम और सुरक्षा को ध्यान में रखकर बनाई गई है ताकि 50 डिग्री गर्मी में भी ये जवानों को कंफर्टेबल लगे।



**बीएसएफ अधिकारियों ने किया डिजाइन**

इस नई वर्दी की सबसे खास बात यह है कि इसे बीएसएफ ने खुद डिजाइन किया है। जल्द ही ये ड्रेस बीएसएफ जवानों को उपलब्ध कराई जाएगी। बताया गया है कि सालभर में सभी जगह ये ड्रेस पहुंच जाएगी।

**80 फीसदी कॉटन से बनाई ड्रेस**

नई वर्दी का फैब्रिक जवानों के आराम को ध्यान में रखकर चुना गया है। इसमें 80% कॉटन, 19% पॉलिएस्टर और 1% स्पैन्डेक्स (सिंथेटिक रेशा) का मिश्रण है। ये हल्का, सांस लेने योग्य और लचीला है। इससे पहले वाली वर्दी में 50 फीसदी कॉटन था, लेकिन अब इस वर्दी में जवान खुद को काफी हल्का महसूस करेंगे।

रेगिस्तान में 50-55 डिग्री सेल्सियस की भीषण गर्मी हो या पंजाब-बंगाल के नम इलाके, यह वर्दी हर मौसम में जवान को सहज रखेगी। पुरानी वर्दी का कपड़ा मोटा था, लेकिन यह नया फैब्रिक पतला और हल्का है, जिससे गर्मी में भी राहत मिलेगी।

**डिजिटल पैटर्न के साथ बनाई ड्रेस**

बीएसएफ की नई वर्दी में पहली बार डिजिटल प्रिंटिंग तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इसमें 50% खाकी, 45% हरा और 5% भूरा रंग शामिल है। यह रंग संयोजन ऑपरेशन के दौरान जवानों को दुश्मन की नजरों से छिपाने में मदद करेगा। डिजिटल पैटर्न न केवल आकर्षक है, बल्कि टिकाऊ भी है। ये कपड़ा जल्दी खराब नहीं होता, जिससे वर्दी की उम्र बढ़ती है।

**दो साल की मेहनत और फीडबैक से की तैयार**

इस वर्दी को तैयार करने में दो साल का समय और गहन रिसर्च लगी। राजस्थान, पंजाब और बंगाल में जवानों और अधिकारियों ने इसके सैंपल पहनकर परीक्षण किया। उनके फीडबैक के आधार पर डिजाइन और फैब्रिक में सुधार किए गए। ये सुनिश्चित किया गया कि वर्दी हर मानक पर खरी उतरे और ऑपरेशन में उपयोगी हो।

## बालाघाट में तीन महिला समेत चार नक्सलियों का एनकाउंटर

### पुलिस से मुठभेड़ में घायल नक्सली जंगल में भागे; 600 से ज्यादा जवान सर्चिंग में जुटे

**बालाघाट (एजेंसी)।** बालाघाट में पुलिस ने एक मुठभेड़ में तीन महिला समेत चार नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ शनिवार दोपहर में बिठली पुलिस चौकी क्षेत्र के पचामा दादर के जंगल में हुई। हॉक फोर्स और जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली। बालाघाट एसपी आदित्य मिश्रा ने बताया कि- जीआरबी डिवीजन के नक्सलियों के एक समूह की मौजूदगी के बारे में पता चला था। इसके बाद हॉकफोर्स, जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ, सर्च ऑपरेशन चला रही थी। इसी दौरान सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने और उनके हथियार लूटने की मंशा से नक्सलियों ने जंगल में सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने जवाबी फायरिंग की। इसमें 4 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया गया है। नक्सलियों के पास से एक ग्रेनेड लॉन्चर, एसएलआर राइफल, दो .315 राइफल, गोलाबारूद, वॉकी-टॉकी सेट और नक्सल साहित्य बरामद किया है। मुठभेड़ के दौरान कुछ नक्सली के घायल होने की खबर है, जो घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गए हैं। नक्सलियों की तलाशी के लिए हॉकफोर्स, सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल के 600 से ज्यादा जवानों को क्षेत्र में बड़े स्तर पर सर्चिंग अभियान में भेजा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### 30 रक्तदाताओं का सम्मान, 51 यूनिट रक्तदान




**उदयपुर (पुकार)।** विश्व रक्तदाता दिवस पर शनिवार को जीबीएच जनरल हॉस्पिटल बेड़वास में रक्तदाताओं का सम्मान और रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जीबीएच जनरल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर से पूर्व कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 30 रक्तदाताओं व 4 स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डीन डॉ. विनय जोशी व विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति अग्रवाल के द्वारा रक्तदान की महत्ता के बारे में बताकर किया गया। इसके बाद शिविर आयोजित हुआ जिसमें 51 युवाओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. नरेंद्र पीपलीवाल व जितेंद्र पंचाल मौजूद रहे।

### विवेक पराशर आहुति सेवा शिक्षा एवं शोध संस्थान के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत



**उदयपुर (पुकार)।** आहुति सेवा शिक्षा एवं शोध संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष डॉ.विक्रम मेनारिया ने विवेक पाराशर को संस्थान का प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत किया। डॉ.मेनारिया ने बताया कि संस्थान की खबरों को प्रदेश एवं देश-विदेश के पटल पर फैलाने के लिए विवेक पाराशर को अधिकृत किया गया। डॉ.मेनारिया ने बताया की विवेक पाराशर लम्बे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते आ रहे है साथ ही वह आहुति सेवा शिक्षा एवं शोध संस्थान से भी लम्बे समय से जुड़े हुए है। इस अवसर पर भरत शर्मा ने पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के भाव से संस्थान कार्य करने का संकल्प लिया।

### वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम



**उदयपुर (पुकार)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. धृति सोलंकी ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए जल संरक्षण की आवश्यकता एवं जल संरक्षण की उपायों के बारे में बताया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला की घर में दैनिक कार्यो को अपनाकर भी कुछ उपायों के द्वारा हम बहुत सारे जल को व्यर्थ होने से रोका जा सकता है। छात्रों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई गयी तथा पेम्फ्लेट का वितरण किया गया। उन्होंने बताया की इस प्रकार का जागरूकता कार्यक्रम महाविद्यालय द्वारा गावो में भी किया जायेगा तथा पेमफ्लेट का वितरण भी किया जायेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं अशैक्षणिक कर्मचारियो की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुमित्रा मीणा तथा डॉ मोनिका राय ने किया।

### श्रवण सिंह राव उदयपुर संभाग प्रभारी मनोनीत




**उदयपुर (पुकार)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष कार्यक्रम प्रवास प्रभारी श्रवण सिंह राव को अभियान का उदयपुर संभाग प्रभारी मनोनीत किया गया है। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष योग जागरूकता अभियान के तहत उदयपुर संभाग के सभी जिलों में योग दिवस पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। श्रवण सिंह राव इन आयोजनों की रूपरेखा तैयार करने, कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करने और समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी निभाएंगे। भारतीय जनता पार्टी उदयपुर संभाग मीडिया प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि श्रवण सिंह राव पूर्व में युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष, प्रदेश प्रवक्ता,भाजपा जिला महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्वो का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं साथ ही संभाग स्तर पर संगठनात्मक जिम्मेदारिया संभाल चुके हे।

### सुविवि : के.के.शर्मा ने कराया योगा अभ्यास



**उदयपुर (पुकार)।** सुविवि की सामाजिक सरोकारिता की प्रतिबद्धता के अन्तर्गत विश्वविद्यालय योग केंद्र के तत्वाधान में विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में स्थित विवेकानंद ऑडिटोरियम के केफैटेरिया हाल में विगत वर्ष के 19अक्टूबर 2021 से निरंतर चल रहे इस निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर के संबंध मे जानकारी देते हुए योग केंद्र समन्वयक डॉ. दीपेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि बिना किसी अवकाश के विगत 191सप्ताह व 1337 दिनों से निरंतर प्रातः 6:00 से 7:15 चल रहे इस शिविर में योगाभ्यासियों को योग प्रशिक्षक के.के.शर्मा ने शिविर में इम्यूनिटी बढ़ाने हेतु सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, अर्ध कटिचक्रासन, त्रिकोणासन, बकासन, गोमुखासन, सर्वांगासन, हलासन, नौकासन, भुजंगासन, वीरभद्रासन, धनुरासन व योग निद्रा के साथ साथ अनुलोम विलोम कपालभाति, भस्त्रिका एवं भ्रामरी प्राणायाम के अभ्यास के साथ साथ एडवांस आसनों का प्रर्दशन व अभ्यास भी करवाया।

### सांवरिया सेठ की पैदल यात्रा रवाना



**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर गौ रक्षा परिवार की ओर से एक दिव्य एवं भव्य भक्ति यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने भाग लेकर पैदल यात्रा के माध्यम से सांवरिया सेठ जी के दर्शन के लिए प्रस्थान किया। इस यात्रा का शुभारंभ शनिवार शाम 6:00 बजे भुवाणा बाईपास, उदयपुर से हुआ। यात्रियों को बाइपास चौराहे पर गांव के प्रकाश प्रजापत व मांगीलाल सुथार के नेतृत्व में स्वागत कर रवाना करवाया। इसके बाद भक्तों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भक्ति में है शक्ति का नारा लगाते हुए प्रभु सांवरिया सेठ जी के दर्शन के लिए यात्रा प्रारंभ की। यात्रा भुवाणा बाईपास से होकर प्रतापनगर, डेबारी घाटावाली माताजी, डबोक, मंगलवाड़ चौराहा और अंत में सांवरिया सेठ दरबार में पहुंचेगी। इस आयोजन के मुख्य संयोजक प्रतीक सुथार और कृष्णा वैष्णव ने बताया कि यह यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारे युवा वर्ग को धर्म और संस्कृति से जोडने का एक प्रयास है। यात्रा में प्रतीक सुथार, कुणाल टाक, हर्षु खटीक, मुकेश, विवेक, मिथन्स सुथार, तुषार जोशी, राजेश, हर्षराज सुथार, कनक, पुष्कर परिहार आदि शामिल है।

# सलूंबर के पूर्व सांसद के बेटे ने की आत्महत्या कारणों का नहीं चला पता, लाइब्रेरी में लगाया फंदा



**उदयपुर (पुकार)।** सलूंबर के पूर्व सांसद महावीर भगोरा के बेटे आशीष भगोरा ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर दिया। शनिवार सुबह आशीष भगोरा का शव लाइब्रेरी के कमरे में मिला। अंबामाता थाना इलाके में उनकी लाइब्रेरी है। यहां वे लाइब्रेरी का संचालन करते थे। शनिवार सुबह लाइब्रेरी के छात्र यहां पहुंचे तो कमरे में फर्श पर आशीष का शव पड़ा था। छत के कुंदे से गमछे का टुकड़ा लटक रहा था। जानकारी के अनुसार आशीष अंबामाता थाना इलाके में जय अंबे डेयरी के ऊपर लाइब्रेरी संचालित करते थे। यह लाइब्रेरी 24 घंटे ओपन रहती है। यहां सुबह 7:15 बजे कुछ छात्र पढ़ने पहुंचे। छात्र बैठकर पढ़े लगे। कुछ स्टूडेंट ने आशीष को आवाज दी लेकिन कोई जवाब नहीं आया। छात्र कमरे में पहुंचे तो आशीष फर्श पर पड़े हुए थे। छत के कुंदे से गमछे का टुकड़ा लटका हुआ था। अंबामाता थाना इंचार्ज मुकेश सोनी ने बताया कि पूर्व सांसद का आवास मल्लातलाई स्थित एकलव्य कॉलोनी में है। आशीष ने लाइब्रेरी के कमरे में फंदा लगाया। पुलिस घटनास्थल पहुंची। मौके से साक्ष्य जुटाकर शव को एमडी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि आशीष ने गमछे से फंदा लगाकर सुसाइड किया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम के बाद मौत के कारण साफ होंगे।

#### लाइब्रेरी का संचालन करते थे आशीष, सुबह छात्र पहुंचे तो फर्श पर पड़े मिले


आशीष भगोरा लाइब्रेरी का संचालन करते थे। इसमें 70 स्टूडेंट पढ़ने आते थे। सुबह लाइब्रेरी आए छात्रों को ही सबसे पहले सुसाइड का पता चला। सूचना पर मौके पर उदयपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ और भाजपा नेता प्रमोद सामर भी पहुंचे। जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ ने कहा- होनहार छात्र था, जनजाति क्षेत्र में कई रचनात्मक काम किया, उनके पिता ने इलाके में पार्टी को विराट स्वरूप दिया। आशीष पढ़ाई में अच्छा था। हम जांच करेंगे कि क्या हुआ है। पुलिस भी मामले की तह तक जाएगा। लेकिन यह बहुत दुख की बात है।

#### 3 महीने से लाइब्रेरी में बने कमरे में रह रहे थे आशीष

महावीर भगोरा के दो बेटे आशीष और अनमोल। आशीष पिछले 3 महीने से लाइब्रेरी में पहली मंजिल पर बने कमरे में रह रहे थे। उनके एक बेटा और एक बेटी है। लाइब्रेरी पहुंचे भाजपा नेताओं को स्थानीय लोगों ने बताया कि आशीष कुछ समय से तनाव में थे। हालांकि यह पता नहीं है कि उनके तनाव का कारण क्या था।

## गोगुंदा में तूफानी बारिश ने मचाई तबाही, एक दर्जन बिजली के पोल टूटे

### कई गांवों की बिजली गुल



**उदयपुर (पुकार)।** जिले के गोगुंदा क्षेत्र में दोपहर में करीब 12 बजे मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश ने जहां गर्मी से राहत दी, वहीं तेज हवाओं और आकाशीय बिजली ने बिजली व्यवस्था को बुरी तरह से प्रभावित किया। क्षेत्र में आधा दर्जन से ज्यादा बिजली के पोल टूटकर गिर गए। बिजली विभाग के ऑफिस के पीछे स्थित माताजी मंदिर के पास 132 केवी की लाइन पर आकाशीय बिजली गिरने से आठ से ज्यादा पोल पर लगे उपकरण जलकर खराब हो गए। इससे गोगुंदा, सायरा, नांदेशमा, जसवंतगढ़ और देवला सहित कई गांवों की बिजली सप्लाई ठप हो गई। विद्युत विभाग के एईएन रोहित सिंह गुहिल ने बताया कि मुख्य लाइन पर बिजली गिरने से सायरा व बेकरिया की ओर जाने वाली सप्लाई बंद हो गई है। नाल के आगे वाकल क्षेत्र में और उन्डीथल की तरफ भी कई पोल गिरने की सूचना है। पूरा इलाका अंधेरे में डूब गया है। विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है।

## पत्नी की हत्या करने वाले पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**उदयपुर (पुकार)।** जिले की ओगणा थाना पुलिस ने पत्नी की हत्या करने वाले पति को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी रामावतार ने बताया कि मृतका के पिता भेरूलाल पिता धूलाजी निवासी पाटिया थाना गोगुन्दा ने 12 जून को रिपोर्ट पेश की कि मेरी पुत्री रेखा का करीब आठ-नौ वर्ष पहले प्रकाश पिता अन्दा निवासी काडा से नाता विवाह किया था। 11 जून को को सुबह प्रकाश रेखा को बहला फुसलाकर जंगल में ले गया। जंगल में ले जाकर प्रकाश ने कुल्हाडी से वार कर रेखा की हत्या कर दी। इस रिपोर्ट के बाद पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया। पुलिस ने तकनीकी सहयोग से आरोपी पति प्रकाश पिता अण्दा निवासी काडा थाना ओगणा को काडा के जंगलों से डिटेन किया गया। इसके बाद आरोपी से पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपनी पत्नी रेखा को जंगल में ले जाकर कुल्हाडी से वार कर हत्या करना स्वीकार किया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**उदयपुर (पुकार)।** शहर की सूरजपोल थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ एम.डी.एम.ए. के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रतन सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल द्वारा अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए सेन्ट्रल जेल के पीछे, नई रोड से, मोहम्मद खालिद पिता मोहम्मद रहीम निवासीनूरी चौक, खांजीपीर, हाल विनायक नगर, सविना के कब्जे से 5.17 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एम.डी.एम.ए. जब्त कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

### शायरना उदयपुर परिवार की ओर से 29 जून को आयोजित होगा मेगा मिलन समारोह

**उदयपुर (पुकार)।** शायराना उदयपुर परिवार की ओर से 29 जून को मेगा मिलन समारोह व श्रृंगार रस पर आधारित गीत संगीत साहित्य कार्यक्रम आयोजित होगा। विगत 15 वर्षो से साहित्य और संगीत क्षेत्र में शायराना उदयपुर परिवार की ओर से निशुल्क सेवा की जा रही है। यह मंच समाज में साहित्य मूल्य एवं संगीत प्रदर्शन का अवसर सभी को प्रदान करता है। इस परिवार में अधिकतर अधिकारी कर्मचारी साथ ही कुछ उद्योगपति साहित्यकार राष्ट्रीय स्तर के कवि एवं शायर लेखक वरिष्ठ पत्रकार वरिष्ठ अधिवक्ता भी शामिल है। जो साहित्य और कला के विविध पहलुओं पर अपने विचारों मे प्रकटीकरण सौंदर्यकरण और नवीनीकरण रखते हैं। शायराना उदयपुर परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भर के विविध जिलों से आए कलाकार सहभागिता निभाते हैं पिछले कार्यक्रम में चित्तौड़ कोटा राजसमंद तथा डूंगरपुर बांसवाड़ा के कलाकारों ने सहभागिता निभाई थी। रविवार को होने वाले कार्यक्रम में लोकगीत पैरोडी गजल कविता शायरियां युगल गीत एकल गीत लोक वाद्य के साथ आकर्षक प्रस्तुतियां होगी।

## 'पिता-अनुभवों की दौलत' कार्यक्रम में सम्मान

### स्वास्थ्य और भावनाओं की अनमोल अभिव्यक्ति






**उदयपुर (पुकार)।** गीतांजलि हॉस्पिटल में शनिवार को फादर्स डे पर कार्यक्रम पिता-अनुभवों की दौलत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान के अध्यक्ष भंवर सेठ और लगभग 200 वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत उपर्णा पहनाकर मार्केटिंग हेड कल्पेश चन्द रजबार द्वारा किया गया। महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्था के अध्यक्ष भंवर सेठ जी ने फादर्स डे के अवसर पर उपस्थितजनों को भावभीना संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने पिता की जीवन में भूमिका, अनुशासन और त्याग पर मार्मिक बातें साझा कीं। फादर्स डे पर वरिष्ठ नागरिकों द्वारा कविता पाठ प्रस्तुत किये गए, जिसने सभी को भावविभोर कर दिया। सर्जन डॉ संजय गांधी, कैंसर सर्जन डॉ. आशीष जाखेटिया, यूरोलॉजिस्ट डॉ. पंकज त्रिवेदी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दिलीप जैन गीतांजली डेंटल से डॉ. सौरभ ने कार्यक्रम की एक विशेष कड़ी रही। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी व जागरूकता प्रदान की गयी व सवाल जवाब भी किये गए। हर्निया लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. मोहित कुमार बडगुजर द्वारा गीतांजलि हॉस्पिटल में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी द्वारा किये जा रहे सफल ऑपरेशन को चित्रों के माध्यम से दिखाया व गीतांजलि हॉस्पिटल में मौजूद अत्याधुनिक तकनीकों के बारे में भी जानकारी प्रदान की। सभी डॉक्टरों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, नियमित परीक्षण करवाने और वृद्धावस्था में सतर्कता के महत्व पर जोर दिया। कल्पेश चन्द रजबार द्वारा भंवर सेठ जी को फादर्स डे मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों द्वारा गीत व कविता की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। साथ ही, कई वरिष्ठ सदस्यों ने अपने पिता से जुड़े संस्मरण एवं पिता होने के अनुभव साझा कर माहौल को भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया। कार्यक्रम का संचालन हेड पी.आर हरलीन गंभीर ने किया व सभी अतिथियों, वरिष्ठ नागरिकों, डॉक्टरों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## ट्रेनिंग ही नहीं टीचर्स को ट्रेंड करने की आवश्यकता : आशीष मोदी



**उदयपुर (पुकार)।** माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने शनिवार को उदयपुर पहुंच कर शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यालयों एवं गतिविधियों का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार सबसे पहले मधुबन स्थित संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) कार्यालय का किया निरीक्षण। बाद में डाईट उदयपुर का निरीक्षण कर डाइट फैकल्टीज के साथ मीटिंग भी की। मोदी ने डाइट के विभिन्न प्रभागों की विस्तार से जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि डाइट का कार्य प्रशिक्षण देने तक ही नहीं होकर प्रशिक्षित करने का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें ट्रेनिंग ही नहीं टीचर्स को ट्रेंड करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मोदी ने मिशन कर्मयोगी ऐप की उपयोगिता बताते हुए डाइट उदयपुर को ऐप पर उपलब्ध शिक्षकों से संबंधित कोर्स की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस सूची के आधार पर राजस्थान के समस्त शिक्षकों की क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण के लिए आदेशित किया जाएगा । उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों में लीडरशिप के गुण विकसित किए जाने की आवश्यकता है। मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में वर्तमान में फाउंडेशन लेवल पर संचालित शैक्षिक गतिविधियों में सुधार की गुंजाइश पर प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उन्होंने डाइट के क्लास रूम, लेबोरेटरी, व्यावसायिक लैब, पुस्तकालय तथा स्टोर रूम का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

### उदयपुर की बेटी ने प्रेमानंद महाराज को भेंट किया उनका हाथों से बनाया चित्र



**उदयपुर (पुकार)।** युवाओं और बच्चों में भी लोकप्रिय हो रहे वृंदावन के संत प्रेमानंदजी महाराज को उदयपुर की एक बेटी ने हाथ से बनाया उनका चित्र वृंदावन जाकर भेंट किया। हूबहू चित्र देखकर प्रेमानंदजी महाराज अत्यंत प्रसन्न हुए और बेटी को बेहतर भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। यहां हिरणमगरी में रहने वाली निधि मेनारिया की बेटी झलक बचपन से ही पेटिंग्स बनाने में रुचि रखती है। 14 साल की झलक वर्तमान में आठवीं कक्षा की छात्रा है। प्रेमानंदजी महाराज के सत्संग वीडियो देखकर झलक काफी प्रभावित हुई और उनका पेंसिल कलर से उनका चित्र बनाना शुरु किया। करीब आठ दिनों की मेहनत के बाद झलक ने प्रेमानंदजी महाराज का हूबहू चित्र बना दिया। इसके बाद वे अपने परिजनों के साथ प्रेमानंद महाराज का दर्शन करने वृंदावन प्रस्थान कर गई। सुरक्षा और स्वास्थ्य कारणों से प्रेमानंदजी महाराज का दर्शन करना भी मुश्किल है, लेकिन काफी प्रयासों से झलक ने प्रेमानंद महाराज को उनका चित्र भेंट कर दिया। चित्र देखकर प्रेमानंद महाराज मुस्कुराए और झलक को आगे के बेहतर भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। इस पर झलक का पूरा परिवार खुशी से आनंदित और भावुक हो गया। झलक इसस पहले भी कई हस्तियों और महापुरुषों के चित्र बना चुकी है। क्रिकेटर महेंद्रसिंह धोनी का भी चित्र बना चुकी है। हाल में वह मेवाड राज परिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह का भी चित्र बना रही है, जो उनको शीघ्र ही भेंट करेंगी।

### प्रो. रमेश मकवाना सदस्य नियुक्त



**उदयपुर (पुकार)।** भारत वैश्विक स्तर पर नवाचार एवं अनुसंधान के क्षेत्र में नया ज्ञान अर्जित कर महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है, इसके लिए सर्वोत्तम अनुसंधान के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण पीएच.डी. हो तथा उस अनुसंधान को राष्ट्रीय प्रशस्ति पत्र मिले, इसके लिए यूजीसी नई दिल्ली के अध्यक्ष ने 'पीएचडी उत्कृष्टता प्रशस्ति समिति' का गठन किया गया है। उस समिति में पूरे भारत से पांच सदस्यों को नियुक्त किया गया है। इसमे सामाजिक विज्ञान समिति में सरदार पटेल विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के प्रो. रमेश मकवाना को नियुक्त किया गया है। प्रो.मकवाना अब पूरे भारत के सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में पीएचडी छात्रों को उनके शोध में नवाचार और गुणवत्ता के आधार पर पीएचडी उत्कृष्टता प्रशस्ति पत्र के लिए चुनने का महत्वपूर्ण कार्य करेंगे।

## शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में होगा तैयार नाटकों का मंचन

### ग्रीष्म कालीन नाट्य कार्यशाला एवं घूमर कार्यशाला का समापन आज

**उदयपुर (पुकार)।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर की ओर से बागोर की हवेली में 30 मई से 15 जून तक चली नाट्य कार्यशाला का समापन रविवार को शिल्पग्राम स्थित दर्पण सभागार में सायं 7 बजे होगा, जहां इस कार्यशाला के दौरान तैयार नाटकों का मंचन किया जाएगा।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि ग्रीष्म कालीन नाट्य कार्यशाला बागोर की हवेली में दो वर्गों में आयोजित की गई, जिसका समापन रविवार को सायं 7 बजे दर्पण सभागार में कार्यशाला के दौरान तैयार नाटकों के मंचन के साथ होगा। यह कार्यशाला जूनियर वर्ग (8 से 12 वर्ष) एवं सीनियर वर्ग (13 से 25 वर्ष) में आयोजित की गई थी। जूनियर वर्ग की कार्यशाला को आशुतोष पाण्डे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। सीनियर वर्ग की कार्यशाला को शिवराज सोनवाल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

साथ ही बागोर की हवेली में पन्द्रह दिवसीय ग्रीष्म कालीन घूमर कार्यशाला में विशेषज्ञ श्रीमती विजयलक्ष्मी आमेटा के निर्देशन में तैयार घूमर नृत्य का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

# सम्पादकीय

## हमले से पस्त ईरान

सुनियोजित व ठोस खुफिया जानकारियों के साथ इस्राइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों व शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर बड़े सधे हमले किए हैं। ईरान के नतान्ज स्थित मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र को भी निशान बनाया गया। शुक्रवार की सुबह इस्राइल ने 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के जरिये वायु रक्षा प्रणाली व मिसाइलों को ध्वस्त करते हुए ईरान के हवाई क्षेत्र में सैकड़ों लड़ाकू जहाजों के जरिये भारी तबाही मचायी। इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद की बड़ी भूमिका वाले इस ऑपरेशन के जरिये न केवल ईरान की मिसाइल क्षमता को कमजोर किया बल्कि हवाई रक्षा प्रणाली को भी बेअसर किया। जिसके बाद इस्राइली एयरफोर्स ने ताबड़तोड़ हमलों से ईरानी वायुक्षमता को बेदम कर दिया। लंबी खुफिया तैयारी के साथ इस्राइल ने ईरान के भीतर विस्फोटक ड्रोन बेस स्थापित किए और शुक्रवार तड़के इन ड्रोन ने ईरान के सैन्य ठिकानों में तबाही मचा दी। जिससे ईरान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस्राइल ने ईरान के सुरक्षा प्रतिष्ठानों, सैन्य अधिकारियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े वैज्ञानिकों व प्रमुख लोगों पर लंबी तैयारी के बाद सटीक हमले किए। कई बड़े अधिकारियों को उनके घरों में ही मार दिया गया। दरअसल, इस्राइल का मानना था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने के करीब है। यहां तक कि परमाणु कार्यक्रम की निगरानी करने वाली संस्था आईएईए ने स्पष्ट शब्दों में ईरान पर परमाणु अप्रसार समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। हमले में सेना प्रमुख के अलावा ईरानी सेना की सबसे ताकतवर शाखा रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर हौसेन सलामी को भी मार डाला गया। हमले में न केवल यूरेनियम संवर्धन प्रतिष्ठान पर हमला किया गया, बल्कि कई परमाणु वैज्ञानिकों को भी मार दिया गया। ईरान ने इस्राइल पर नागरिक ठिकानों पर हमला करने के आरोप लगाए। उत्तर पूर्वी ईरान के अलावा नतांज परमाणु केंद्र पर भी धमाके सुने गए। जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है।

वहीं दूसरी ओर इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को चेताया है कि जब तक ईरान की ओर से खतरे की आशंका खत्म नहीं हो जाती, ये हमले आगे भी जारी रहेंगे। दरअसल, इस्राइल का मानना रहा है कि ईरान संवर्धित यूरेनियम से परमाणु हथियार बनाने के करीब है, जो उसके अस्तित्व के लिये चुनौती है। इस्राइल ने ईरान पर उसके क्षेत्र में सैकड़ों ड्रोन दागने के भी आरोप लगाये हैं। वहीं दूसरी ओर ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अमेरिका व इस्राइल को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। दूसरी ओर ईरान के सरकारी मीडिया ने इस्लामिक रिवॉल्यूश्नरी गार्ड्स कोर के कमांडर इन चीफ हौसैन सलामी सहित पांच शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत की बात स्वीकारी है। साथ ही दो महत्वपूर्ण परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। दरअसल, ईरान अमेरिका व इस्राइल के दावों को खारिज करते हुए कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये है। जबकि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की दलील है कि ईरान की बातों पर विश्वास नहीं किया जा सकता। वह संवर्धित यूरेनियम से जुड़े प्रश्नों के तार्किक जवाब नहीं दे पाया है। कहा जा रहा है कि ईरान के गुप्त परमाणु ठिकानों का पता चलने के बाद उसके परमाणु कार्यक्रम की मंशा संदिग्ध बन गई है। उसने संवर्धित यूरेनियम भंडार के बारे में सटीक जानकारी भी नहीं दी। आईएईए की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि ईरान इतना यूरेनियम संवर्धित कर चुका है कि वह नौ परमाणु बना सकता है। हालांकि, अमेरिकी विदेश मंत्री इस हमले में अमेरिका की सीधी भूमिका होने से इनकार कर रहे हैं। लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये कहा है कि ईरान ने परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव को बार-बार खारिज किया है। बहरहाल, इस घटनाक्रम से मध्यपूर्व में इस्राइल-ईरान के बीच सीधे युद्ध की आशंका बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि इस्राइल और हमास, हिजबुल्ला व हूती विद्रोहियों के बीच पहले से जारी संघर्ष से संवेदनशील बने इलाके में पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है।

## संक्षिप्त खबरें...

### महावीर इंटरनेशनल की प्रेरणा से मरणोपरांत नेत्रदान



**फतहनगर (पुकार)** । व्यवसायी राकेश कुमार चपलोत की धर्मपत्नी श्रीमती मंजुदेवी चपलोत का शनिवार को निधन होने पर मरणोपरान्त नेत्रदान करवाया गया। महावीर इंटरनेशनल की स्थानीय शाखा के विशाल सामोता, ऋषभ सेठिया की प्रेरणा से उक्त नेत्रदान किया गया। नेत्रदान करने के लिए महावीर इंटरनेशनल की स्थानीय शाखा के पदाधिकारियों ने आरएनटी मेडिकल कॉलेज की टीम से संपर्क कर फतहनगर बुलाया। नेत्रदान करवाने में सुमित बंसल एवं मुकेश गडोलिया भी सहायक रहे। नेत्रदान के उपरांत चपलोत परिवार को आरएनटी मेडिकल टीम की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### कॉलेज में स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 16 जून

**आमेट (पुकार)** । नगर में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आमेट में सत्र 2025-26 के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 4 जून से प्रारंभ हो गई थी। महाविद्यालय के ऑनलाइन स्नातक प्रवेश नोडल अधिकारी कैलाश डिडवानिया ने बताया कि आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान द्वारा सत्र 2025-26 के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन प्रवेश कार्यक्रम में विद्यार्थियों के प्रवेश आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि 16 जून निर्धारित की है। विद्यार्थियों को अंक तालिका की आवश्यकता नहीं है। नेट से प्राप्त अंक तालिका व जन आधार कार्ड से आवेदन किया जा सकता है। विद्यार्थियों को किसी तरह की समस्या हो तो वे महाविद्यालय से सम्पर्क कर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

### राधा कृष्णा गौशाला कुआंथल में गौमाता को खिलाएं फल



**आमेट (पुकार)** । राधा कृष्णा गौशाला कुंवाथल में टीकर गांव के गो भक्तो ने पहुंचकर गौ माता की पूजा अर्चना की ओर गौ माता के लिए 22 सो कीलों तरबूज व 300 सो कीलों दुधी लोकी गौशाला में गौमाताओ को खिलाई । गौ माता को फल खिलाना हिंदू धर्म में एक शुभ कार्य माना जाता है गौशाला में गौ माता को फल खिलाने से न केवल गौ माता की सैवा होती है बल्कि इससे पुण्य भी प्राप्त होते हैं । गर्मी के समय में गौ माता को तरबूज खिलाने से गौ माता को गर्मी से राहत मिलती है । इस अवसर पर प्रेम शंकर कुंवाथल, लेहरी लाल,नारायण लाल, शांतिलाल सोनेरीया टीकर, गोपाल सोनेरिया,निकेश शर्मा, विकास सोनेरीया,नारायण शर्मा, सुनील शर्मा,सूरज शर्मा,यश सोनेरीया,मुकेश शर्मा, योगेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

# रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए नियमित रक्तदान अच्छा है - लादूराम बांगड़

### इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा विश्व रक्त दाता दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित, एकत्र हुआ 111 यूनिट रक्त





**भीलवाडा (पुकार)**। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा भीलवाड़ा द्वारा राजकीय महात्मा गांधी ब्लड सेंटर में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर का उद्घाटन भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रभान सिंह भाटी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, भीलवाड़ा मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉक्टर वर्षा अशोक सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सी पी गोस्वामी महात्मा गॉधी हास्पीटल अधीक्षक डॉ अरुण गौड़, समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक मुकुल शर्मा सार्वजनिक निर्माण विभाग अधीक्षण अभियंता मनोज जोशी एवं अधिशासी अभियंता संदीप झंवर सहित अनेक पदाधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने रेड क्रॉस द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए हर समय तत्पर रहने पर संस्था का आभार व्यक्त किया जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने रेडक्रॉस भवन निर्माण पर जानकारी प्राप्त की एवं स्वीकृति आवंटित राशि कम पड़ने पर डीएमएफटी द्वारा और राशि जारी करने का विश्वास दिलाया एवं भीलवाड़ा विधायक कोटे से स्वीकृत राशि को अति शीघ्र आवंटित करने का भरोसा दिलाया। समिति के चेयरमैन लादूराम बांगड़ ने इस अवसर पर कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है यह किसी भी व्यक्ति द्वारा किया जाने वाला उद्धार कार्यों में से एक है एक बार के रक्तदान से कहीं जान बचाई जा सकती है इसलिए रक्तदान जरूर करें जो दुर्घटनाओं सर्जरी कैंसर उपचार रक्त संबंधी विकारों से पीड़ित लोगों की सहायता कर सकता है। नियमित रक्तदान केवल प्राप्त कर्ता के लिए फायदेमंद है बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा हो सकता है। शिविर में समिति के वाइस चेयरमैन केजी तोषनीवाल, सचिव रमेश मून्दड़ा, कोषाध्यक्ष कंवरलाल पोरवाल, कांतिलाल जैन, केसी सोनी, कैलाश चंद्र काबरा, डॉ आलोक मित्तल, अरुण अजीब, राजकुमार जैन सहित अनेक सदस्यगण उपस्थित रहे। सहयोग सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेश सोमानी, सचिव गोपाल विजयवर्गीय एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष गिरीश गांधी, सचिव लीलाधर अग्रवाल ने भी सहयोग प्रदान किया। अंत मे सभी का रेडक्रॉस के सचिव रमेश मूंदड़ा ने आभार ज्ञापित किया।

# सांवलिया सेठ नौगांवा धाम में नौका विहार महोत्सव हुआ शुरू, दर्शन को उमड़े सैकड़ो भक्त

### कमल कुंड में दिव्य नौका विहार, बांके बिहारी रूप में सजे लड्डू गोपाल





**भीलवाडा (पुकार)** । धर्म और आस्था के अनुपम संगम, श्रीसांवलिया सेठ नौगांवा धाम में शनिवार से नौका विहार महोत्सव का दिव्य शुभारंभ हो गया। श्री सांवलिया सेठ मंदिर समिति नौगांवा द्वारा आयोजित इस पावन उत्सव में, आम से सजे कुंजों और फूलों के मनमोहक बगीचे के बीच, जल की पुकार के साथ भक्तों ने अपने आराध्य ठाकुर जी को नौका विहार कराया। सैकड़ों की संख्या में उमड़े भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था, जिन्होंने गोविंद बोलो जय गोपाल बोलो के उद्घोष से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंदिर के निज गर्भगृह में लड्डू गोपाल जी को बांके बिहारी स्वरूप में अलंकृत किया गया, जिसकी झांकी ने भक्तों का मन मोह लिया। विशेष रूप से थर्माकोल से बनी नाव में ठाकुर जी का नौका विहार करना, इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा। पंडित अशोक व्यास के पवित्र मंत्रोच्चार और आरती के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। समिति अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि आज सुबह 7.30 बजे भक्तों ने ठाकुर जी का श्रद्धापूर्वक दुग्धाभिषेक किया। इसके उपरांत, सुबह 9 बजे पुजारी दीपक एवं आनंद पाराशर ने ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार किया, जिसकी अनुपम छटा निहारने के लिए भक्त आतुर दिखे। दोपहर 12.15 बजे भव्य महाआरती की गई, जिसके बाद ठाकुर जी को नौका विहार कराया गया। शाम 7 बजे सॉन्ग सीजलर भक्ति ग्रुप की ओर से प्रेम मनुहार भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें मनीष जैन, दीपक, नवीन और चौतन्य ने अपने सुमधुर भजनों से ठाकुर जी के चरणों में अपनी भक्ति समर्पित की। इस पावन अवसर पर मुख्य यजमानों के रूप में समाजसेवी श्रीगोपाल राठी, शांतिलाल पोरवाल, ललित पोरवाल, डीपी अग्रवाल, सुरेश देवपुरा, हरि अग्रवाल, गजानंद बजाज, अनिल सोनी, राजेश खोईवाल, सुनील नवाल, गिरिराज काबरा, भंवरलाल दरगढ़, सुभाष मोटवानी, चंद्रप्रकाश आगाल, कैलाश डाड, श्रवण सेन, सुमित्रा दरगड़, पंडित पुरुषोत्तम दादा सहित अनेक गणमान्य भक्त उपस्थित रहे, जिन्होंने ठाकुर जी का दूध से अभिषेक कर पुण्य लाभ कमाया। यह चौथा अवसर है जब श्री सांवलिया सेठ नौगांवा धाम में इस भव्य नौका विहार महोत्सव का आयोजन हो रहा है, जो भक्तों के बीच अटूट आस्था और श्रद्धा का प्रतीक बन चुका है। मंदिर में नई व्यवस्था के तहत श्रद्धालुओं को मठड़ी का प्रसाद भी उपलब्ध कराया जा रहा है साथ ही गो परिक्रमा करने के लिए भी लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। नौका विहार महोत्सव की अनुपम छटा रविवार को भी जारी रहेगी। दोपहर 12 बजे 10 यजमान ठाकुरजी को जल कीड़ा कराएंगे, जो एक विशेष और आनंददायक अनुष्ठान होगा। दोपहर 12.15 बजे एक और महाआरती का आयोजन किया जाएगा। शाम 7 बजे गोवत्स दिव्यांशु महाराज की भजन संध्या होगी, जिसमें उनके अमृतवाणी से भक्तजन भावविभोर हो उठेंगे। इस महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण कमल कुंड में श्री ठाकुर जी का दिव्य नौका विहार होगा, जहाँ प्रभु कमल दल पर विराजकर पुष्प वर्षा के बीच भक्तों को दर्शन देंगे। साथ ही, सुंदर कुंज में श्रीनाथजी भी विराजित रहेंगे, जो इस उत्सव की शोभा को और बढ़ा देंगे।

# अखिल भारतीय अग्रवाल महिला अधिवेशन 2 एवं 3 अगस्त को, बैठक हुई आयोजित



**भीलवाडा (पुकार)** । अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन से संबद्ध पश्चिमी राजस्थान महिला अग्रवाल सम्मेलन के सानिध्य में समाज का राष्ट्रीय महिला अधिवेशन, प्रांतीय बैठक एवं महारानी माधवी प्रदर्शनी (रंग मल्हार) का आयोजन 2 से 3 अगस्त अग्रवाल भवन, आरसी व्यास कॉलोनी में किया जाएगा। महिला प्रदेश अध्यक्ष रूपा परसरामपुरिया ने बताया है कि महारानी माधवी प्रदर्शनी के तहत पूरे राजस्थान की महिला उद्यमियों एवं हस्तनिर्मित वस्तुओं का निर्माण करने वाली महिलाओं को आमंत्रित कर उन्हें अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने हेतु एक मंच प्रदान कर विभिन्न तरहों की स्टॉल्स लगाई जाएगी जिससे महिला सशक्तिकरण, व्यापारिक प्रोत्साहन एवं आर्थिक स्वावलंबन होगा। युवा प्रदेश अध्यक्ष अमित नागौरी ने बताया कि 3 अगस्त को एक राष्ट्रीय अग्रवाल महिला अधिवेशन का आयोजन होगा इसके तहत समाज के निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका,विवाद मुक्त समाज एवं संस्कारी समाज के निर्माण व विशेष रूप से जो शादी विवाह में परेशानी आ रही है उसे पर विस्तृत चर्चा कर एक महिला टास्क फोर्स एवं महिला मैरिज ब्यूरो का गठन किया जाएगा। महिला प्रदेश महामंत्री नूतन दुदानी सिंगला ने बताया कि अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष विनीता खेतावत, भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमराज जिंदल, प्रदेश अध्यक्ष केके गुप्ता सहित राष्ट्र व प्रदेश से अतिविशिष्ट अग्रवाल महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने हेतु एक बैठक आयोजित की गई जिसमें वंदना अग्रवाल, रितु नागौरी, गुणमाला अग्रवाल, आभा मित्तल, सरिता बेरिया, अमिता लोहिया, नीतू जालान रश्मि गर्ग, सपना अग्रवाल, सीमा निमोदिया, संध्या अग्रवाल, पायल अग्रवाल, मंजू नागोरी, आशा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, मंजू लाठ, सुलोचना गर्ग, अंजना मानसिंहका, आशा निमोदिया, मंजू गुप्ता, सुमन अग्रवाल आदि महिलाएं उपस्थित थी।

# श्री महावीर युवक मंडल सेवा संस्थान ने आमजन को पिलाई 1500 लीटर ऑर्गेनिक छाछ



**भीलवाडा (पुकार)** । श्री महावीर युवक मंडल सेवा संस्थान ने शहर में बढ़ती गर्मी के प्रकोप को देखते हुए शहर के तीन प्रमुख चौराहों रोडवेज बस स्टैंड, सूचना केंद्र चौराहा, कुंभा सर्किल चौराहा पर आमजन को 1500 लीटर ऑर्गेनिक छाछ का वितरण किया गया। मंडल अध्यक्ष पंकज लालानी, मंत्री मनीष बडोला ने बताया की जिले में पड़ रही प्रचंड गर्मी से बचाव हेतु जनसाधारण और यात्रियों को आज ऑर्गेनिक पोदीना व मसाले युक्त ठंडी छाछ का निशुल्क वितरण किया एवं जनसाधारण को इस प्रचंड गर्मी से बचाव हेतु अधिक से अधिक छाछ पीने की प्रेरणा दी। मनीष बम्ब ने बताया की शहर के इन प्रमुख चौराहों पर कोठियां भर कर छाछ पिलाते देख आने-जाने वालों के कदम स्वतः वहां ठहरते गए। छाछ पीने वालों में हर आयु-वर्ग के लोग शामिल थे। 1500 लीटर नमकीन एवं सादी छाछ की व्यवस्था की गई थी। करीब चार हजार लोगों को छाछ पिलाई गई। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक अंशुल सांखला, महावीर बापना, दीपक मेहता, संरक्षक बाबूलाल सूर्या, उपाध्यक्ष अतुल बापना, सहमंत्री राजकुमार लोढ़ा, कोषाध्यक्ष मुकुल सूर्या सहित मंडल के कई सदस्य उपस्थित थे।

# जन्म मृत्यु के चक्र से मुक्ति के लिए दशरथ बनने का प्रयास करें - दीदी मंदाकिनी





**निंबाहेड़ा (पुकार)** । राम जन्म भूमि तीर्थ अयोध्या से पधारी दीदी माँ मंदाकिनी ने आमजन से आह्वान किया कि जन्म मृत्यु के चक्र से मुक्ति पाने के लिए दशरथ बनने का प्रयास करें। दीदी मंदाकिनी 20 वें कल्याण महाकुंभ के चतुर्थ दिवस शनिवार को श्रीराम कथा मंडप में व्यासपीठ से श्रीराम कथा का अमृतपान करा रही थी। उन्होंने मानस के बालकाण्ड की विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने बालकाण्ड में ही प्रभु राम से पूर्व राजा दशरथ और दशमुख का विस्तार से वर्णन किया हैं। ये दोनों प्रतिद्वंदि पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इन पात्रों से पूर्व गोस्वामी जी ने शंकर पार्वती की कथाओं का वर्णन करते हुए कहा कि जहां सती राम कथा से विमुक्त थी, वहीं पार्वती रामानुरागी थी, इसी कारण पार्वती ने राम कथा का श्रवण कर युगल स्वरूप में शिव पार्वती ने राम को अपना आराध्य स्वीकार किया। उन्होंने दशरथ और दशमुख के संदर्भ में कहा कि दोनों राजाओं के चरित्र में कोई समानता नहीं हैं, जबकि दोनों के नाम में 10 विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि हर एक मनुष्य भी 10 रूप में हैं, क्योंकि मानव शरीर में पांच ज्ञानेन्द्री व पांच कर्मेन्द्री मौजूद हैं। वहीं इन्द्रियों के साथ प्रभु ने विवेक भी दिया हैं। 10 इन्द्रियों से युक्त शरीर से हम दर्शक बनना चाहते हैं। यह दशमुख हमारे विवेक पर निर्भर करता हैं। जिसने स्वयं को रथ से जोड़ दिया वह दशरथ बनेगा और मुख से जोड़ने पर दशमुख बनेंगे। उन्होंने कहा कि दशरथ पूर्व जन्म में महाराज मनु थे, जिनकी पत्नी शतरूपा थी,जबकि रावण पूर्व जन्म में राजा प्रताप भानु थे। दोनों धार्मिक राजा थे, लेकिन मानव जाति के आदि पुरूष कहलाएं। जिनके राज में प्रजा सुखी थी और उन्होंने चौथे आश्रम में जीवन में पूर्णता का बौध प्राप्त करने के लिए वैराग्य को स्वीकार कर साधना में लीन हो गए। प्रताप भानु राजा कैकई देश के थे, जो मृग आखेट के लिए वन में गए तो कई शिकार के बाद संध्याकाल में कालकेतु राक्षस रूपी सुकर को मारने का प्रयास किया,परंतु वह उनके हाथ नहीं आया और वन में उन्होंने कपट मुनि मिले। जिनसे वे ज्ञान एवं शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाए। कथा के दौरान इन्द्रदेव ने भी हल्की फूव्वारों के साथ सहभागिता निभाते हुए राम कथा का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि कथा हमेशा आत्म निरीक्षण शिविर के रूप में होती हैं, जिसमें बैठकर सत्संग के माध्यम से भक्ति को अंगीकार करना चाहिए। उन्होंने बताया कि गोस्वामी जी ने मानस में आध्यात्मिक पक्ष के साथ साथ ऐतिहासिक पक्ष को भी समाहित किया हैं। जिसमें श्रीराम को परमात्मा स्वरूप में दर्शाया हैं,जो त्रिकाल स्वरूप में विद्यमान हैं। उनकी लीलाएं तीनों काल में घटित होती रहती हैं। मानस में प्रत्येक व्यक्ति के लिए मांगलिक उपदेश दिए गए हैं। जिसमें शिव को मूर्तिमान विश्वास का प्रतीक बताया गया हैं। जिनसे यह प्रेरणा मिलती हैं कि जीवन के हर क्षेत्र में विश्वास जरूरी हैं। इसलिए श्रद्धा और विश्वास को आदर्श रूप में स्वीकार करना चाहिए। प्रारंभ में दीदी मंदाकिनी ने वेदपीठ पर विराजित ठाकुर जी के मनभावन दर्शन कर स्वयं को धन्य करते हुए व्यासपीठ पर विराजित मुख्य आचार्य व मुख्य श्रोता के रूप में भी पूजा की। वहीं वेदपीठ के पदाधिकारियों एवं न्यासियों द्वारा व्यासपीठ का पूजन कर दीदी मंदाकिनी का आत्मिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस दौरान भजन गायकों द्वारा अवधी भाषा में मैय्या सीता की स्तुति कर वातावरण को राममय बना दिया।

# श्री प्राज्ञ जैन युवा मंडल द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**भीलवाडा (पुकार)** । श्री प्राज्ञ जैन युवा मंडल सेवा संस्थान द्वारा एक दिवसीय निःशूल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन प्राज्ञ भवन में किया गया। शिविर मे 72 अस्थि रोग एवं 42 चर्म रोगियों को प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक परामर्श दिया। मंत्री मनीष सेठी ने जानकारी देते हुए बताया शिविर में घुटना प्रत्यारोपण एवं स्पोर्ट्स इंजरी विशेषज्ञ डॉ प्रांजल पीपाड़ा अहमदाबाद तथा चर्म एवं यौन रोग विशेषज्ञ डॉ प्रियांश जैन ने रोगियों को परामर्श दिया। मित्र मंडल से दलपत डाँगी, अमर चंद लोढ़ा, अभय चपलोत, अशोक बोहरा, युवा मंडल से पुष्पेंद्र डोसी, पदम डाँगी, जितेंद्र बांठिया, अशोक झामड़, लोकेश पोखरणा, शैलेन्द्र डाँगी, रवि कांठेड, राकेश सिंघवी, पवन चौधरी, करण खटोड, उम्मेद पीपाड़ा, पिंटू बिलवाड़िया, लवकुश चौधरी, अविनाश तातेड़, रोहित डाँगी, विक्रम डूंगरवाल, ऋषभ चौधरी, गौत्तम लोढ़ा, हर्षित पोखरणा, मनीष कोठारी, सुशील मेहता, जितेन्द्र डाँगी, रोशन दुगड़, शांतिलाल खमेसरा, महिला मंडल मधु मेड़तवाल, मधु लोढ़ा, किरण सेठी, नीलम नाहर, विमल खमेसरा, लाड सिंघवी, जतन देवी लोढ़ा, प्रेम देवी खमेसरा, सिद्धि बाबेल सहित कई सदस्यों का सहयोग रहा।

# बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**बांसवाड़ा (पुकार)** । संयुक्त शासन सचिव आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग के निर्देशों की पालना में जिला मुख्यालय पर 15 जून से राउण्ड-द- क्लॉक 24 घंटे बाढ़ नियंत्रण स्थापित कर दिया गया है।

जिला कलक्टरख् आपदा प्रबंधन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा डॉ. इन्द्रजीत यादव द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह नियंत्रण कक्ष 15 जून से 24 घटे तीन पारियों प्रातः 6 से दोपहर 2 बजे तक, द्वितीय पारी दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा तीसरी पारी रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक डीईओसी में 24 घंटे कार्यरत रहेगा। जारी आदेश के अनुसार पर्यवेक्षण अधिकारी, प्रभारी अधिकारी, सहायक प्रभारी, पारी प्रभारी अधिकारी तथा कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं तीनों पारियों के लिए आरक्षित कर्मचारी भी लगाये हैं। आदेशानुसार अतिरिक्त कलक्टर अभिषेक गोयल को पर्यवेक्षण अधिकारी, तहसीलदार भू-अभिलेख श्रीमती दीशा गांधी को प्रभारी अधिकारी तथा सीओ स्काउट दीपेश शर्मा को सहायता प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं प्रथम पारी हेतु सहायक श्रम आयुक्त शिवचरण मीणा, द्वितीय पारी हेतु सहायक परियोजना अधिकार समग्र शिक्षा अभियान धर्मेन्द्र सिंह चारण को प्रभारी अधिकारी तथा तृतीय पारी हेतु उपनिदेशक कृषि उद्यान विभाग दलसिंह गरासिया प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा तीनों पारियों के लिए सोमवार से शु वार एवं शनिवार से रविवार हेतु दो-दो कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है और आरक्षित कार्मिकों में तीन पारियों हेतु तीन-तीन कार्मिक लगाये गये हैं। आदेशानुसार नियंत्रण कक्ष में लगाये गये अधिकारी/कर्मचारियों को उपस्थिति पंजिका में संदेश सूचना आवक-जावक पंजिका पत्रावली को 24 घंटे नियंत्रण कक्ष में उपलब्ध रखने, पत्रावली में विभिन्न विभागों में बने नियंत्रण कक्ष की सूची मय दूरभाष नंबर रखने जाने के आदेश दिये गये हैं वहीं प्रभारी अधिकारियों को नियंत्रण में रहने और तीनों पारियों में साप्ताहिक अवकाश के दौरान रिजर्व पारी के कर्मचारियों को ड्यूटी देने हेतु निर्देशित किया गया है। आदेश में जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक, प्रारंभिक शिक्षा को पारियों में लगाये गये शिक्षा विभागीय कार्मिकों को ड्यटी पर लगाने हेतु प्रधानाचार्य को पाबंद करने, आरक्षित कर्मचारियों को बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने ब्लॉक शिक्षा/प्रधानाचार्य को पाबंद करने के निर्देश दिए गये हैं वहीं विकास अधिकारियों को आरक्षित कर्मचारियों को बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोडने हेतु निर्देशित किया गया है। आदेश में जिला आपदा प्रबंधन का दूरभाष नंबर 02962-248420, (ईओसी) का दूरभाष टोल फ्री नंबर-1077 रहेगा और ई-मेल रिलीफबीएसडब्ल्यू एट द रेट जीमेल डॉट कॉम रहेगा

# कांकरोली तेरापंथ भवन में मनाया आचार्य तुलसी का 21 वां महाप्रयाण दिवस

**राजसमंद(पुकार)।** तेरापंथ धर्मसंघ के नवम् अनुशास्ता आचार्य श्री तुलसी का 29 वां महाप्रयाण दिवस समारोहपूर्वक शासनश्री मुनि सुरेश कुमार के सान्निध्य में कांकरोली शहर के नया बाजार स्थित तेरापंथ भवन में आयोजित हुआ। महाप्रयाण दिवस का शुभारंभ नमस्कार महामंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इस मंगल महोत्सव के दौरान प्रायोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए शासनश्री मुनि सुरेश कुमार ने कहा परंपराओं से परे आचार्य तुलसी ने न केवल असली



आजादी को अपनाने का आह्वान किया वरन् उसे शत प्रतिशत जीया भी। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने आचार्य तुलसी से अणुव्रत का प्रथम अनुयायी होने का अनुरोध किया। आचार्य तुलसी के अवदान सदा याद रहेंगे। मुनि सम्बोध कुमार ने आराध्य की अभिवंदना में अपने सम्बोधन में कहा धरा धाम पर सभी एक ही तरह से आते हैं, जिन्हें महान होना होता है, वे अपने कर्तृत्वों से महानता के शिखर पर आरूढ़ हो जाते हैं। तुलसी कैसे थे प्रश्न अगर यह है तो उत्तर होगा तुलसी के पौधे के जैसे पावन होते हैं आचार्य तुलसी। मुनि सिद्धप्रज्ञ ने कहा तेरापंथ की यह विशेषता रही है कि जब जिस तरह के आचार्य की आवश्यकता हुई वैसे आचार्य मिले। आचार्य तुलसी महान इसलिए थे कि उन्होने आध्यात्मिकता और वैज्ञानिकता को साथ-साथ जीया। मुनि कैवल्य कुमार ने कहा आचार्य तुलसी राष्ट्र संत के रूप में इसलिए प्रतिष्ठित हुए क्योंकि उन्होने धर्म को नई परिभाषा दी। उन्होने आचार्य तुलसी की उपलब्धियों व योगदानों का उल्लेख किया। मुख्य अतिथी न्यायिक मजिस्ट्रेट पुजा सूर्या मेहता ने कहा कि आचार्य तुलसी ने समाज में चल रही रूढ़ियों को तोड कर नारी शक्ति के उन्नयन के लिए अनेकों आयाम स्थापित किए। यहीं कारण है कि आज नारी समाज एक रूढ़ि मुक्त होकर प्रगति के सोपान पर है। तेरापंथी संस्थान कांकरोली के मंत्री एडवोकेट धनेद्र मेहता ने बताया कि इस विशेष उत्सव पर तेरापंथ महिला मंडल कांकरोली ने रोमांचक शब्द चित्र के माध्यम से आचार्य तुलसी के नौ अवदानों का विश्लेषण किया। तेरापंथ समाध्यक्ष लाभचंद बोहरा, तेरापंथ सभा उदयपुर अध्यक्ष कमल नाहटा, टीपीएफ अध्यक्ष दिव्यांश चव्हाण, मिश्रीमल भालावत, उपासक विनोद बडाला, सुशील बड़ाला ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति से आचार्य तुलसी के प्रति श्रद्धांजली अर्पित की। संचालन तेरापंथ सभा मंत्री एडवोकेट धनेंद्र महता ने किया।

## भोपाजी, पुजारी और संत समाज सनातन संस्कृति के प्रहरी : माहेश्वरी

**राजसमंद(पुकार)।** राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा, लोक परंपराओं के संरक्षण और धार्मिक चेतना के जागरण में भोपाजीए पुजारी एवं संत समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। वे किरण माहेश्वरी स्मृति मंच द्वारा आयोजित ''सनातन संगम'' कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने इस अवसर पर जोर दिया कि भोपाजी और पुजारी समाज ने पीढ़ियों से लोक आस्था, संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखा है। उन्होंने सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और संगठन के लिए अधिक सक्रियता से कार्य करने का आह्वान भी किया। इस भव्य कार्यक्रम में 1000 से अधिक भोपाजी, पुजारी और संत समाज के सदस्यों को सम्मानित किया गया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने सभी उपस्थित संतों को भेंट अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया। पंडित शशिकांत दीक्षित और कैलाश श्रीमाली के सान्निध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस दौरान हाल ही में




अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए विशेष शांति पाठ का आयोजन भी किया गया। सत्यनारायण मंदिर के संत बिहारी दास ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक और आध्यात्मिक एकता को मजबूत करते हैं। भोपाजी और पुजारी समाज ने भी इसे एक अद्वितीय आयोजन बताते हुए विधायक दीप्ति माहेश्वरी के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान संतों एवं पंडितों ने विधायक दीप्ति को चुनरी ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस दौरान प्रधान अरविंदसिंह राठौड़, पूर्व सभापति सुरेश पालीवाल, दिनेश पालीवाल, मंडल अध्यक्ष गोपाल श्रीमाली, हमेर सिंह बल्ला, छीतर मल जाट, दिनेश कुमावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष पालीवाल, पूर्व नगर मंत्री राजकुमार अग्रवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहन कुमावत, भानु पालीवाल, सत्य प्रकाश काबरा, महेंद्र टेलर, डालचंद कुमावत सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ''राइजिंग स्टार्स ऑफ राजसमंद'' प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यार्थियों व अभिभावकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी

**राजसमंद(पुकार)।** किरण माहेश्वरी स्मृति मंच द्वारा आयोजित ''राइजिंग स्टार्स ऑफ राजसमंद'' प्रतिभा सम्मान समारोह ने एक बार फिर शिक्षा, संस्कार और प्रेरणा का अद्वितीय संगम प्रस्तुत किया। दोपहर 3 बजे से ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक कार्यक्रम स्थल भिक्षु निलयम पहुंचने लगे। पूरे आयोजन स्थल पर उत्सव जैसा माहौल बना रहा। सेल्फी पॉइंट पर विद्यार्थियों में उत्साह देखने लायक था, सभी अपनी उपलब्धियों को यादगार बनाने के लिए तस्वीरें खिंचवा रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन से हुआ। शुरूआत में पहलगाम आतंकी हमले और अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम को लेकर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि यह आयोजन स्वर्गीय किरण माहेश्वरी के उस सपने को साकार करता है जिसमें वे राजसमंद को शिक्षा में अग्रणी देखना चाहती थीं। उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षा का स्तर ऊंचा नहीं होगा, तब तक समाज का स्तर नहीं उठ सकता। उन्होंने बच्चों को प्रेरित




करते हुए कहा कि स्मार्टफोन व टैबलेट का उपयोग ज्ञानवर्धन के लिए करें, जिज्ञासाओं को शांत करने का माध्यम बनाएं, किंतु पूरी तरह से उन पर निर्भर न हों। माहेश्वरी ने कहा कि जीवन में लक्ष्य और परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को प्रेरित करें, उन पर विश्वास रखें और उन्हें अपने निर्णय स्वयं लेने की स्वतंत्रता दें। मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने अपने भावनात्मक व प्रेरणास्पद संबोधन में कहा कि बच्चों से संवाद का पहला नियम है, उन्हें जज मत कीजिए, उनके मित्र बनिए। जब वे कुछ बताएं तो सिर्फ सुनिए, एक महीने में फर्क दिखेगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने 28 वर्ष की उम्र में पहली बार शूटिंग रेंज देखा और 34 वर्ष में भारत के लिए पदक जीते। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति में कोई न कोई विशेषता होती है, उसे पहचानिए, आत्मविश्वास रखिए। कार्यक्रम में राजस्थान माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिह्न एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान युवा कलाकारों द्वारा ''सिंदूर नहीं मिटने देंगे देश नहीं झुकने देंगे... '' गीत पर प्रस्तुत किया गया नृत्य दर्शकों को रोमांचित कर गया और देशभक्ति से ओत-प्रोत माहौल बन गया।

## पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ ने कैबिनेट मंत्री राठौड़ से की नियमितीकरण की मांग

■ मिला सकारात्मक आश्वासन

**राजसमंद(पुकार)।** राजस्थान सरकार के खेल एवं युवा मामलात मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के एक दिवसीय राजसमंद दौरे के दौरान राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी लंबित मांगों को लेकर उनसे मुलाकात की। जिलाध्यक्ष राकेश पालीवाल के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल और राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी से भेंट की और नियमितीकरण के संबंध में ज्ञापन सौंपा। प्रवक्ता दिनेश चंद्र पारीक ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल



ने प्रारंभिक शिक्षा विभाग राजस्थान के अंतर्गत कार्यरत संविदा कार्मिकों को नियमित करने की प्रक्रिया में पंचायत शिक्षक और विद्यालय सहायक को भी शामिल करने की पुरजोर मांग की। उन्होंने संविदा सेवा नियम 2022 के बिंदु संख्या 20 के नियमानुसार पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक के पदों को भी नियमित पदों में परिवर्तित करते हुए बजट घोषणा 2025-26 में अनुभव अवधि में दी गई दो वर्ष की छूट को लागू कर शीघ्र नियमितीकरण करने का आग्रह किया। संघ ने स्वतंत्रता दिवस से पूर्व संविदा शोषण से मुक्ति दिलाने और नियमितीकरण की गुहार लगाई। इसके अतिरिक्त प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा विभाग में मान्य अन्य समकक्ष शैक्षणिक और प्रशैक्षणिक योग्यताओं को भी समान कैडर में जोड़कर योग्यता अभिवृद्धि करने की मांग की। संघ ने मृतक पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक के परिवारों की पीड़ा से भी मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने अनुरोध किया कि जिन पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायकों की संविदा सेवा नियम 2022 में अडॉप्ट होने के पश्चात मृत्यु हुई है, उनके परिजनों को सरकारी कर्मचारियों के अनुरूप ही अनुकंपा नियुक्ति देकर राहत प्रदान की जाए। कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने संघ की मांगों को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि वे इस मामले को आगामी कैबिनेट बैठक में रखेंगे और समाधान करवाने का पूरा प्रयास करेंगे। इस दौरान निर्मल पालीवाल, भोलीराम सालवी सहित अनेक संविदा कार्मिक उपस्थित थे। संघ को उम्मीद है कि मंत्री के आश्वासन से उनकी नियमितीकरण की मांग जल्द ही पूरी होगी और उन्हें वर्षों से चली आ रही अनिश्चितता से मुक्ति मिलेगी।

## राजस्थान पुस्तकालय सेवा परिषद ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

■ पुस्तकालयाध्यक्ष संवर्ग में बदलाव की मांग

**राजसमंद(पुकार)।** राजस्थान पुस्तकालय सेवा परिषद की राजसमंद शाखा के पदाधिकारियों ने राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा है। परिषद के जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा, पूर्व जिला मंत्री दीप सिंह और संरक्षक हिम्मत सिंह बड़गुर्जर के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पुस्तकालयों के सुदृढ़ीकरण और पुस्तकालयाध्यक्ष संवर्ग के पुनरीक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण मांगों को उठाया गया है। ज्ञापन में मुख्य रूप से स्टाफिंग पैटर्न के अंतर्गत प्रत्येक उच्च माध्यमिक विद्यालय में नामांकन 200 ही मानने की मांग की है, न कि वर्तमान



में घोषित स्टाफिंग पैटर्न के अनुसार 300 विद्यार्थी। इसके साथ ही यह भी मांग की गई है कि पुस्तकालयाध्यक्ष संवर्ग के पदों का आवंटन शारीरिक शिक्षक के मानदंड के अनुरूप ही रखा जाए। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि वे शिक्षा मंत्री मदनलाल दिलावर को पत्र लिखकर पुस्तकालयाध्यक्ष संवर्ग के पदों के आवंटन के लिए नामांकन 200 ही रखने का प्रस्ताव रखेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रभु द्वारकाधीश मंदिर कांकरोली में नाव मनोरथ आज

**राजसमंद(पुकार)।** श्री पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के श्री द्वारकाधीश मंदिर कांकरोली में आषाढ़ कृष्ण पक्ष की चतुर्थी रविवार को एक भव्य नाव मनोरथ के दर्शन होंगे। यह दिव्य दर्शन सायंकाल 7 बजे से खुलेंगे, जिससे श्रद्धालु भगवान द्वारकाधीश के अलौकिक स्वरूप का अवलोकन कर सकेंगे। यह मनोरथ शुद्धाद्वैत तृतीय पीठाधीश्वर कांकरोली नरेश गोस्वामी 108 डॉ वागीश कुमार महाराज की आज्ञा से आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर तृतीय पीठ युवराज गोस्वामी वेदांत कुमार एवं गोस्वामी सिद्धांत कुमार की मंगल उपस्थिति रहेगी। उनकी गरिमामयी उपस्थिति में भक्तजन श्री द्वारकाधीश प्रभु के भव्य नाव मनोरथ के दर्शन का लाभ उठाएंगे। इस आयोजन को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### केलवाड़ा एएसआई को 25 हजार की रिश्वत लेते एसीबी ने किया रंगे हाथों गिरफ्तार

**राजसमंद(पुकार)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजसमंद टीम ने एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर शनिवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए राजसमंद जिले के केलवाड़ा पुलिस थाने में तैनात सहायक उप निरीक्षक आनंद सिंह रावत को 25000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार एसीबी ब्यूरो राजसमंद को एक शिकायत मिली थी जिसमें बताया गया कि एएसआई आनंद सिंह रावत एक परिवादी के पुत्र के खिलाफ दर्ज मामले में मदद करने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहे थे। रावत पर आरोप है कि वह परिवादी के पुत्र के साथ मारपीट न करने, परिवादी की पत्नी को मामले में आरोपी न बनाने और पूरे प्रकरण में सहायता करने के लिए 30 हजार की रिश्वत मांग रहे थे। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि शिकायत का सत्यापन करवाने के बाद उदयपुर रेंज के उप महानिरीक्षक



आनंद सिंह रावत, आरोपी

पुलिस राजेंद्र प्रसाद गोयल के सुपरविजन में राजसमंद पुलिस उप अधीक्षक रतन सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में गठीत टीम ने ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम देते हुए आरोपी आनंद सिंह रावत को परिवादी से 25 हजार (500-500 रुपये के 50 नोट) की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। टीम ने आरोपी के कब्जे से रिश्वत की राशि जब्त कर हाथ धुलवाएं तो हाथ से कलर निकल आया। उसके बाद आरोपी से फिलहाल पूछताछ करने के साथ ही उसके ठिकानों की तलाशी ली जा रहीं है। एसीबी ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच की जा रही है।

### पीटीईटी परीक्षा आज : राजसमंद में 8 केंद्रों पर 2179 अभ्यर्थी देंगे एग्जाम

**राजसमंद(पुकार)।** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा द्वारा आयोजित प्री-डीएलएड प्रतियोगी परीक्षा 2025 (पीटीईटी) रविवार को राजसमंद सहित पूरे प्रदेश में आयोजित होगी। राजसमंद जिले में यह परीक्षा 8 केंद्रों पर संपन्न होगी, जिसमें कुल 2179 अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिला समन्वयक और सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ सुमन बडोला ने बताया कि दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम के लिए 1478 अभ्यर्थी 6 परीक्षा केंद्रों पर जबकि चार वर्षीय बीएड के लिए 701 अभ्यर्थी 2 निजी परीक्षा केंद्रों पर अपनी किस्मत आजमाएंगे। जिले में परीक्षा आयोजन से संबंधित सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे अपने प्रवेश पत्र वेबसाइट से डाउनलोड कर और उसमें दिए गए निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लें। परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। सभी परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाएगी। इसके अतिरिक्त सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को रोका जा सके। प्राचार्या बडोला ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर अभ्यर्थियों के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्देश भी जारी किए गए हैं। अभ्यर्थियों का प्रवेश सुबह 9:15 बजे से 10:30 बजे तक ही हो सकेगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र के साथ एक नवीनतम रंगीन फोटो, मूल फोटो युक्त पहचान पत्र और नीला या काला पारदर्शी बॉलपेन लाना अनिवार्य है। परीक्षा केंद्र पर मोबाइल या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लाने की सख्त मनाही है।

### कपासन में रंगरेज समाज का तीसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन कल

**40 जोड़ों का होगा निकाह**

**राजसमंद(पुकार)।** सामाजिक एकता और फिजूलखर्ची रोकने के उद्देश्य से चौखला मदारिया नीलगर समाज सामाजिक सेवा संस्थान राजसमंद अपना तीसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन सोमवार 16 जून को कपासन स्थित अहमद कबीर मंजिल दीवाना सरकार दरगाह परिसर में आयोजित करेगा। इस सम्मेलन में रंगरेज समाज के लगभग 40 जोड़ों का निकाह इस्लामी शरीयत के अनुसार संपन्न कराया जाएगा। चौखला के मीडिया प्रभारी खलील डायर राजसमंद ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। गर्मी के मौसम को देखते हुए मेहमानों के लिए छाया, ठंडा पानी, टेंट-शामियाना और चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

## बारिश की बूंदों के बाद बढ़ी उमस ने सताया

**राजसमंद(पुकार)।** शहर सहित जिलेभर में सुबह से जारी भारी गर्मी व उमस का दोपहर बाद बरसी राहत की बूंदों ने कुछ देर के लिए जरूर राहत दी। लेकिन शाम ढलने के साथ-साथ भारी उमस ने लोगों का हाल बहाल कर दिया। जानकारी के अनुसार शनिवार को दोपहर बाद बूंदाबांदी हुई। हालांकि बारिश बहुत कम थी, लेकिन इसके बाद शहर में उमस काफी बढ़ गई। शनिवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं, जिससे मौसम भारी और चिपचिपा महसूस हो रहा है। बादल छाने से न सिर्फ गर्मी का असर कम हुआ है, बल्कि उमस में और बढ़ोतरी हुई है, जिससे लोगों को बेचैनी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को रात के तापमान में थोड़ा सा बदलाव दर्ज किया गया। हालांकि अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 3 डिग्री बढ़ने के साथ 31 डिग्री रहा। वहीं शनिवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया था। यानी पिछले 24 घंटों में रात के तापमान में हल्की बढ़ातरी आई है, जिससे दिन के साथ-साथ रात के समय में ाीी उमस ने लोगों को चैन नहीं लेने दिया। जिला मुख्यालय पर शनिवार को हुई बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई। क्षेत्र में करीब आधे घंटे तक तेज बारिश



होती रही, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। लंबे समय से जारी गर्मी से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश के बाद वातावरण में ठंडक घुल गई और मौसम सुहावना हो गया। वहीं मौसम विभाग ने रविवार को भी बारिश की संभावना जताई है। गौरतलब है कि शनिवार से प्री-मानसून की बारिश का दौर शुरू हो गया। दिनभर गर्मी के बाद दोपहर को बादल छा गए और तेज हवा के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को पूरे राजस्थान में आंधी-बारिश की संभावना है, 21 जिलों में ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## स्केटिंग के सम्भागियों ने तिरंगा यात्रा के माध्यम से भारतीय सेना के पराक्रम को किया सेल्युट





**राजसमंद(पुकार)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय, शिक्षा विभाग एवं स्थानीय संघ मुख्यालय के तत्वाधान व शिविर निर्देशक अभिलाषा मिश्रा के निर्देशन में संचालित हो रहे ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरूचि प्रशिक्षण शिविर में शनिवार को स्केटिंग के सम्भागियों ने तिरंगा यात्रा के माध्यम से भारतीय सेना के पराक्रम को सेल्युट किया, साथ ही पेन्टिंग कला के तहत मुखोटा बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। शिविर प्रभारी धर्मेन्द्र अनोखा ने बताया कि श्रीबालकृष्ण विद्या भवन राउमावि कांकरोली में चल रहे 40 दिवसीय अभिरूचि कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर में शनिवार को स्केटिंग विषय में भाग ले रहे सम्भागियों ने भारतीय सेना के पराक्रम को याद करते हुए तिरंगा यात्रा निकालकर जय जवान जय किसान, वन्दे मातरम्, भारत माता के जयकारे लगाते हुए देशभक्ति का माहौल बनाते हुए राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा को कार्यवाहक सीबीओ एवं प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर प्रमोद पालीवाल एवं सीओ गाइड अभिलाषा मिश्रा ने हरी झण्डी दिखाकर हौंसला अफजाई किया। षिविर के दरमियान स्केटिंग प्रशिक्षक दारासिंह के नेतृत्व में स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सीनियर छात्र वर्ग में राज कुमावत प्रथम, लविष पालीवल द्वितीय, हिमांषु शर्मा तृतीय व सीनियर छात्रा वर्ग में अन्नु जाटव प्रथम, चित्रांशी हाडा द्वितीय, युविका कोठारी तृतीय व जुनियर छात्र वर्ग में कनिष कुमावत प्रथम, अविनाश सालवी द्वितीय, काव्यांश त्रिपाठी तृतीय, साथ ही जुनियर छात्रा वर्ग में दिव्या सिंह प्रथम, तनिष्का द्वितीय व गार्गी कोली ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपना दबदबा कायम किया। स्केटिंग प्रतियोगिता में निर्णायक का कार्य प्रशिक्षक दारा सिंह, कुलदीप चौधरी व रमेश बुनकर ने किया। सहायक प्रभारी कुलदीप चौधरी ने बताया कि पेन्टिंग विषय के अन्तर्गत चित्रकार राजेश तैलंग के नेतृत्व में बालक-बालिकाओं ने मुखोटा बनाओं प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें बालक वर्ग में कृष्ण प्रताप प्रथम, अशोक लोहार द्वितीय, हिमांषु शर्मा तृतीय व बालिका वर्ग में जुही कुमावत प्रथम, चार्वी त्रिपाठी द्वितीय व निष्ठा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर शिविर का पहला पारितोषिक पक्का किया जिन्हें समापन समारोह में पशंसा पत्र व पारितोशिक से नवाजा जाएगा। पेन्टिंग में निर्णायक का कार्य राजेश तैलंग, चन्द्र शेखर पालीवाल व माधवलाल जटिया ने किया। इस दौरान कुलदीप चौधरी, रमेश बुनकर सहायक शिविर प्रभारी, माधवलाल जटिया कम्प्युटर, चन्द्र शेखर पालीवाल इगंलिश स्पोकन, राजेश तैलंग पेन्टींग, दारा सिंह स्केटिंग, राजेन्द्र आचार्य व शारदा खटीक शिविर व्यवस्था, सपना राजपुरोहित नृत्य, दुर्गा कुमावत सिलाई, कुसुम कुमावत मैहन्दी, भावना खींची कुंकिग आदि ने अपनी सेवाएं प्रदान कर रहें है।

## संक्षिप्त खबरें...

### ढाई साल की मासुम की मौत बनी पहेली थाने मे नही हो रही एफ आईआर दर्ज



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । जहा एक तरफ राजस्थान मे संनातनी सरकार बेटी पढाओ बेटी पढाओ, महिला सशक्तिकरण को लेकर गम्भीर है। थानो मे पट्टीकाओ पर श्लोग लिखा जाता है आम जन मे विश्वास अपराधीयो मे भय वही मडफिया थाने मे इसका उल्टा दिखाई पड रहा है। चितौडगढ जिले के सावलिया सेठ की नगरी मडफिया एक मामला सामने आया जहा दोसा से एक परिवार अपने व उसके परिचित परिवार के साथ सावलिया सेठ के दर्शन करने आये। दर्शन के दोरान एक गेस्ट हाऊस ठहरे दोनो परिवारो ने अलग अलग कमरे लिये ओर उसमे ठहरे जहा एक ढाई साल की बच्ची की सदिग्ध परिस्थिति मे मौत हो गई..। परिजनो ने जिसकी रिपोट एक महिने पहले मडफिया थाने मे दी लेकिन एक माह बित जाने के बाद भी थाना अधिकारी ने एफ आई आर नही काटी, परेशान होकर बच्ची के माता पिता ओर बच्ची की मोसी पुलिस अधिक्षक कार्यालय पहुच कर शिकायत अतिरिक्त पलिस अधिक्षक सरिता सिह को दी उसके बाद देर रात एफ आई आर दर्ज की गई।जानकारी अनुसार रविप्रकाश मीणा अपनी पत्नी नीतू और ढाई साल की बच्ची के साथ अपने ही खास मित्र और पत्नी बेटी के साथ सांवलिया सेठ के दर्शन करने के लिए 8/5/2025 को साँवलिया सेठ के दर्शन करने के लिये दोसा से सालिया जी मडफिया आये थे। यही सांवलिया मे एक गेस्ट हाउस में रुके में दोनो परिवार अलग अलग कमरे 102 , 103 में रुके थे, दर्शन करने के बाद परिवार जनों ने बाजार में खरीदी भी की ,इस दौरान बच्चियां कमरे पर ही थी लेकिन रवि प्रकाश की ढाई साल की बेटी की किस कारण मौत हो गयी है यह जांच का विषय है। परिवार जनों ने मासूम बच्ची का इलाज उप जिला चिकित्सालय सांवलिया जी लेकर गये फिर चितौडगढ़ रैफर कर दिया और फिर चितौडगढ उदयपुर महाराणा भूपाल में भी भती करवाकर ईलाज कराया लेकिन परिवार को शक है कि हमारी बच्ची की मौत कैसे हो गयी है,वही परिवार के पिता ने पुलिस पर गभीर आरोप लगाया है कि पुलिस ने हमारी कोई मदद नही की है। अब पीड़ित माता पिता अपनी बच्ची की रहस्यमय हुई मौत की जांच कराने के लिए सांवलिया जी स्थित पुलिस थाने से लेकर जिला पुलिस अधीक्षक तक न्याय की गुहार लगा रहे है।

### बहुजन समाज पार्टी की बड़ी सादड़ी विधानसभा में कार्यकर्ता बैठक आयोजित



**बड़ीसादड़ी (पुकार)** । बहुजन समाज पार्टी जिला चित्तौड़गढ़ के अंतर्गत बड़ी सादड़ी विधानसभा क्षेत्र में आज एक महत्वपूर्ण कार्यकर्ता बैठक का आयोजन आवरी माता स्थित मातेश्वरी होटल में किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव एवं जोन प्रभारी एडवोकेट जगदीश चंद्र पाल तथा प्रदेश सचिव एवं जोन प्रभारी राधेश्याम मेघवाल उपस्थित रहे। बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। एडवोकेट पाल ने संबोधित करते हुए कहा कि आगामी दो महीनों में बड़ी सादड़ी विधानसभा क्षेत्र के हर गांव और ढाणी तक पहुँचकर पोलिंग बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की एक मजबूत फौज तैयार की जाएगी। उन्होंने आगामी 3 जुलाई 2025 को आयोजित होने वाले विधानसभा स्तरीय विशाल कार्यक्रम की जानकारी दी, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष प्रेम बारूपाल, प्रदेश प्रभारी नर्मदा प्रसाद अहिरवार, बनवारी लाल बेरवा जैसे वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। इसी कार्यक्रम की तैयारी हेतु आज की बैठक में विस्तृत योजना बनाई गई। इस अवसर पर निंबाहेड़ा विधानसभा के आवरदान चारण, विधानसभा महासचिव श्रवण कुमार शर्मा, चित्तौड़ विधानसभा के युसूफ खान (नगर अध्यक्ष), आवरी माता सेक्टर अध्यक्ष रामलाल गवारिया, सेक्टर प्रभारी नरेश खटीक, शाहरुख खान, मुनीर खान, शरीफ भाई समेत कई अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### विमान हादसे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**कपासन (पुकार)** । गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए विमान हादसे मे गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी सहित सैकड़ो दिवंगत यात्रियों के आकस्मिक निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। मंडल महामंत्री अशोक विजयवर्गीय के अनुसार कपासन स्थित विधायक कार्यालय पर विधायक अर्जुन लाल जीनगर के निर्देश पर भाजपा नगर मंडल कपासन के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया की उपस्थिति में हादसे में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं नगर मंडल महामंत्री गजेंद्र बाघमार, पूर्व पार्षद सोहन खटीक,ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष नंद किशोर टेलर, भागीरथ चंदेल,नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभू बागड़ा, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश सोनी,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय सोनी, एससी मोर्चा अध्यक्ष अरुण कोदली, पार्षद महबूब शाह,बूथ अध्यक्ष मुकेश सिरोया,,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सतरंगी पुष्पों की झांकी के बीच ठाकुरजी का चंदन से किया श्रृंगार





**निंबाहेड़ा (पुकार)** । कल्याण महाकुंभ के चतुर्थ दिवस शनिवार को कल्याण नगरी के राजाधिराज ठाकुर श्री कल्लाजी का सतरंगी पुष्पों की मनोहारी झांकी के बीच ठाकुरजी सहित पंच देवों का भीषण गर्मी को देखते हुए चंदन से लेप किया गया। श्रृंगार इतना आलौकिक रहा कि हर कोई कल्याण भक्त अपने आराध्य के इस अनुपम स्वरूप को देखकर भक्त और भगवान को एकाकार करने का प्रयास करते नजर आए। कई रंगों से युक्त चंदन लेप के साथ किया श्रृंगार व रत्न जड़ित मुकुट व कुंडल देखते ही बनते थे। इस मौके पर ठाकुरजी को पारंपरिक खाद्य सामग्री को मिट्टी के पात्रों में छप्पन भोग के रूप में अर्पित किया गया। इसके साथ ही परंपरागत भोजन सामग्री तैयार करने के सभी संसाधन भी झांकी में दर्शकों का मन मोह रहे थे।

**राम और राष्ट्र भक्ति को समर्पित रहा रामार्चन कवि सम्मेलन**

कल्याण महाकुंभ के तृतीय दिवस रात्रि में श्री राम कथा मंडप में आयोजित रामार्चन कवि सम्मेलन राम और राष्ट्र भक्ति के नाम समर्पित रहा। यह कवि सम्मेलन उस समय परवान चढ़ गया जब कवि सम्मेलन में कोटा के सैनिक कवि नरेश निर्भीक ने काव्य पाठ करते हुए कहा कि भारत पर होने वाले हर हमले को रोक दिया परमाणु बम वाले देश को घर में घुसकर ठोक दिया। दुश्मन की सेनाएं हमसे हर हालत में हारेंगी। भारत की ब्रह्मोस पिनाका ढूंढ ढूंढकर मारेंगी। इन पंक्तियों ने सभी श्रोताओं को जोश से भर दिया। कल्याण नगरी के कवि विनोद सोनी ने कहा कि हकीकत का हैं ख्वाबों का शहर नहीं हैं, तलवारों का हैं गुलाबों का शहर नहीं हैं धर्म और अध्यात्म पहचान है इसकी ये कल्याण की नगरी हैं नवाबों का शहर नहीं। कल्याण नगरी जया धनगर ने कहा कि कल्ला ने कहा – मैं लौटूँगा, ये वचन हैं तुझसे तेरी मांग सजेगी मेरी ही विजयनन से। जब तक मेवाड़ पर संकट हैं, चैन कैसे पाऊँ, क्षत्रिय धर्म निभाकर, फिर सात फेरे पर आऊ सहित अन्य क्षेत्रों से आए कवियों ने अपने ही अंदाज में राम भक्ति के साथ वीर रस से ओतप्रोत कविताओं का पाठ किया।

**लखदातार इवेंट्स एंड क्रिएशन की भजन संध्या आज**

रविवार को रात्रि में श्री श्याम एवं श्री कल्याण संकीर्तन के नाम भजन संध्या में भजन गायक रतलाम के जीतू धोरा, चित्तौडगढ़ के भावेश कुमावत, जावद की बाल विदुषी हिमांशी और कल्याणनगरी के अखिलेश ठाकुर अपने सुरो से भगवान और भक्त को झिजायंगे।

**आज श्रीराम महायज्ञ में 500 युगल देंगे आहूतियां**

श्रीराम महायज्ञ के तृतीय दिवस रविवार को प्रातः हेमान्द्री स्नान के पश्चात लगभग 500 युगल जोड़े पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ स्थापित देवताओं के साथ ही ठाकुर श्री कल्लाजी, ब्राह्माण्ड के विभिन्न देवी देवताओं एवं परजन्य के नाम शाकल्य एवं गो घृत से आहूतियां देकर सर्वत्र खुशहाली एवं अच्छी वर्षा की कामना करेंगे। इसी कड़ी में शनिवार को लगभग 150 यजमान जोड़ों के साथ ही वीर-वीरांगनाओं एवं बटुकों द्वारा 11 कुण्डीय महायज्ञ में आहूतियां देकर स्वयं को धन्य किया।

**ठाकुरजी का किया महारूद्राभिषेक**

वेदपीठ पर विराजित कल्याण नगरी के राजाधिराज ठाकुर श्री कल्लाजी सहित पंचदेवों का शनिवार को मंगला दर्शन के साथ ही 21 द्रव्यों से महारूद्राभिषेक कर मनभावन श्रृंगार किया गया। प्राकृतिक फूलों की झांकी के बीच ध्वज सूखी सामग्री के छप्पनभोग की झांकी ने भक्तों का मन मोह लिया।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती करने के बाद महिला को ब्लैकमेल किया गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । सोशल मीडिया के दुरुपयोग के मामले भी अब बहुत अधिक सामने आने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला चित्तौड़गढ़ शहर में सामने आया है। इसमें चित्तौड़गढ़ में रहने वाली एक महिला से जयपुर में मिस्त्री का काम करने वाले युवक ने इंस्टाग्राम पर दोस्ती की। बाद में दबाव डाल कर उसे चित्तौड़गढ़ की होटल में ले गया और दुष्कर्म कर अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए। आरोपित ने महिला को फोटो एवं वीडियो वायरल करने की धमकी देकर एक लाख रुपए से अधिक की नकदी, दो मोबाइल व चांदी की चेन तक हड़प ली। इतना ही नहीं महिला के पति को भी फोटो एवं वीडियो भेज कर धमकाया है। इस संबंध में अनुसंधान अधिकारी चित्तौड़गढ़ पुलिस उप अधीक्षक ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही होटल पर भी मौका तस्दीक करवाई।

जानकारी में सामने आया कि चित्तौड़गढ़ शहर के सदर थाने में एक महिला ने रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि वह इंस्टाग्राम चलाती है। आरोपित हसनपुरा, जयपुर हाल अजमेरी पुलिया के पास राजकुमार यादव के यहां मिस्त्री का कार्य करने वाले रिजवान खान ने इंस्टाग्राम पर फ्रेंड रिक्रेस्ट भेजी। प्रार्थिया कम पीढ़ी लिखी होने से उसने फ्रेंड रिक्रेस्ट एक्सेप्ट कर ली। आरोपित रिजवान खान इंस्टाग्राम पर प्रार्थिया से बात करने लगा। आरोपित ने प्रार्थिया को बातों में उलझा लिया और लगातार बात करने लगा। रिपोर्ट में बताया कि करीब सात-आठ माह पूर्व आरोपित जयपुर से चित्तौड़गढ़ आया। यहां प्रार्थिया को रेलवे स्टेशन क्षेत्र में स्थित एक होटल में बुलाया। यहां आरोपित ने उसे नशीला पदार्थ पिला दिया, जिससे वह बेसुध हो गई। आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो और फोटो बना लिए। बाद में आरोपित प्रार्थिया को कलक्ट्रेट पर छोड़ कर जयपुर चला गया। इसके बाद आरोपित फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। मामले में अनुसंधान चित्तौड़गढ़ पुलिस उप अधीक्षक विनय चौधरी को सौंपी। अनुसंधान अधिकारी ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया, जिससे अनुसंधान जारी है।

**पुलिस ने कराई मौका तस्दीक**

इधर, पुलिस उप अधीक्षक विनय चौधरी गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ में जुटे हैं। आरोपित को रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित होटल में लाया गया। यहां जिस कमरे में पीड़िता से दुष्कर्म हुआ वहां मौका तस्दीक करवाई गई। पुलिस के पहुंचने पर एक बार तो रेलवे स्टेशन क्षेत्र के लोग सकते में आ गए कि होटल पर छापा पड़ा है। बाद में सामने आया कि दुष्कर्म के मामले में पुलिस टीम अनुसंधान के लिए पहुंची है।

**अनैतिक कार्यों के लिए किराए पर दे रहे होटल**

इधर, जानकारी में सामने आया कि शहर की कई होटलों में अनैतिक कार्यों के लिए दो से तीन घंटे कमरा किराया दिया जा रहा हैं। इसकी आड़ में अनैतिक कार्य होते हैं। कई बार इस पर सवाल उठते हैं और प्रकरण दर्ज होते हैं तब भी होटल संचालकों के खिलाफ पुख्ता कार्यवाही नहीं होती। कई बार इस तरह की होटल में हुवे अनैतिक कार्यों के कारण कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति भी आ गई थी। इसके बावजूद ना तो प्रशासन और ना ही पुलिस गंभीरता से इस पर कार्य करते दिखी।

**शम्भुपुरा पुलिस की मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही**

# कार से 407 किलो अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त



**शंभूपुरा (पुकार)** । चित्तौड़गढ़ जिले की शंभूपुरा थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए शनिवार को नाकाबंदी के दौरान एक महिन्द्रा एक्सयुवी गाड़ी से 407 किलो 970 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त किया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले मे मादक पदार्थों की तस्करी व नशा मुक्ति के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत एएसपी सरितासिंह के निर्देशन व डीएसपी भदेसर अनिल शर्मा के सुपरविजन में शनिवार को एसएचओ शम्भुपुरा रामलाल मीणा अपने थाने के जाप्ता एएसआई सकेन्द्र सिंह, हैड कानि. फतेह सिंह, कानि. मुकेश, रामकिशन व योगेन्द्र के साथ थाना क्षेत्र में गश्त करते हुए सरहद घटियावली पंहुच गांव के बाहर चित्तौडगढ जाने वाले रोड पर नाकाबंदी प्रारम्भ की। इसी दौरान एक सिल्वर रंग की गाडी आती हुई नजर आई जिसके पास आने पर उक्त वाहन के चालक को पुलिस जाब्ता ने रूकाने के लिए हाथ का ईशारा कर रुकवाना चाहा तो उक्त वाहन के चालक ने गाडी को नही रोक कर नाकाबन्दी तोड कर नेतावलगढ़ पाछली गाँव की तरफ जाने वाले रोड पर घुमा कर गाडी को भगा कर ले जाने लगा। थानाधिकारी व पुलिस जाप्ता ने उक्त वाहन का पीछा किया तो वाहन में से चालक सीट व चालक सीट के पास वाली सीट पर बैठा व्यक्ति वाहन को छोड़ दोनो अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गये। उक्त वाहन महिन्द्रा एक्सयुवी की तलाशी लेने पर वाहन में 22 प्लास्टिक के कट्टो में कुल 407 किलो 970 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त कर थाना शम्भुपुरा पर प्रकरण दर्ज किया जाकर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

# चेक अनादरण पर 2 लाख 60 हजार का जुर्माना व दो माह की सजा

**पहुँना** । राशमी न्यायिक मजिस्ट्रेट पृथा फौजदार ने चेक अनादरण के आरोपी को दोषी मानते हुए 2 लाख 60 हजार रुपये अर्थ दण्ड और दो माह की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार कन्हैया लाल पुत्र जोधराज रेगर निवासी राशमी ने अपने अधिवक्ता शंभू लाल आचार्य के माध्यम से एक परिवाद न्यायालय में पेश कर बताया कि सुरेश चंद्र आर्य पुत्र चंपालाल रेगर से उनकी पहचान है। सुरेश चंद्र आर्य ने 11 मार्च 2022 को रूपयों की आवश्यकता होने पर उससे 2 लाख रुपये उधार लिए, जिसकी अदायगी के लिए उसने बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा राशमी के अपने खाते का चेक दिया, जो निर्धारित तिथि को भुगतान प्राप्ति के लिए बैंक में प्रस्तुत करने पर अनादरित हो गया। उसने अपने अधिवक्ता शंभूलाल आचार्य के माध्यम से सुरेश चंद्र को नोटिस भेजकर भुगतान करने की मांग की, लेकिन उसने रुपये नहीं लौटाए। प्रकरण की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश पृथा फौजदार ने दोनो पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी सुरेश चंद्र आर्य को दोषी मानते हुए धारा 138 नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत 2 लाख 60 हजार रुपए के अर्थ दंड और दो माह के कारावास की सजा सुनाई।

**जमीन किसी और की, अनुबन्ध किसी और ने करवाया**

# फर्जी विक्रय अनुबंध के मामले में षड्यन्त्रकर्ता मुख्य अभियुक्ता सहित तीन महिलाएं गिरफ्तार

**पांच पीड़ितों से 23 लाख से अधिक की ठगी**



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । किसी अन्य की कृषि भूमि को अपना बता कर पांच पीड़ित व्यक्तियों से तीन फर्जी विक्रय अनुबंध करा 23 लाख रुपये से अधिक की ठगी के मामले में कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने षड्यन्त्रकर्ता मुख्य अभियुक्ता सहित तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। मुख्यअभियुक्ता ने अपनी ही बुआ की लड़की की जमीन को उसकी बिना जानकारी के धोखे से तीन अलग अलग पार्टी को बेचने हेतु फर्जी विक्रय अनुबंध करा 23 लाख रुपये हड़प लिए।

पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि प्रार्थी मोती बाजार निम्बाहेड़ा निवासी दीपक शारदा पुत्र महेश प्रकाश शारदा ने 14 मई को कोतवाली निम्बाहेड़ा पर एक रिपोर्ट देकर बताया कि शहर निम्बाहेड़ा के नजदीक अम्बा नगर में स्थित करीब आठ बीघा कृषि भूमि को विक्रय करने के लिए लसड़ावन निवासी मंजु कुंवर प|ी भैरू सिंह 04 जुलाई 2023 को दीपक व देवीलाल जाट के पास आई थी। जिसने अपनी आराजीयत व प्लाट 25 लाख रू. में विक्रय किया तथा अनुबंध पत्र देवीलाल की पत्नी अंजु व दीपक के नाम लिखा। उस रोज मंजू कवंर ने अपनी दो अन्य साथियों के साथ मिलकर इकरारनामा यशोदा पत्नी कमल सिंह के नाम से लिखा दीपक से 5 लाख 30 हजार तथा देवीलाल से 08 लाख रू. प्राप्त किये व शेष राशि रजिस्ट्री के वक्त देना तय हुआ तथा । इन्ही आरोपियों द्वारा निम्बाहेड़ा के ही सागर सोनी से 22 जुलाई 2023 को इसी कृषि भूमि को इकरारनामा यशोदा प|ी कमल सिंह के नाम से लिखा 25 लाख रू. में विक्रय कर 07 लाख रू. नगद प्राप्त किये। इसी प्रकार गोपाल जाट पुत्र मांगीलाल जाट निवासी निम्बाहेड़ा एवं कोशल काबरा पुत्र सत्यनारायण माहेश्वरी निवासी निम्बाहेड़ा को उक्त जमीन 28 लाख रू. में विक्रय कर 03 लाख रू. नगद 20 जून 2023 को प्राप्त किये। विक्रय अनुबंध में इन लोगो द्वारा अपना नाम यशोदा कुवर उर्फ जशोदा कुवंर पुत्री भवानी सिंह पत्नी कमलसिंह राजपुत होना लिखाया हैं। आरोपियों ने एक ही भूमि को पांच लोगों को तीन बार अलग-अलग बेचकर कुल 23,30,300/-रु. की ठगी की गई है। पुलिस थाना कोतवाली निम्बाहेडा पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान एएसआई देवेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।

मामले हाजा की घटना को गम्भीरता से लेते हुये डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव के मार्गदर्शन व थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा रामसुमेर मीणा पु.नि. के निर्देश पर एएसआई देवेन्द्र सिंह, कानि. धर्मेंद्र व राजबाला द्वारा शनिवार को षड्यन्त्र रचने वाली मुख्य अभियुक्ता पायरी हाल लसड़ावन थाना सदर निम्बाहेडा निवासी 48 वर्षीय मंजू कवंर पत्नि भैरूसिंह राजपूत को गिरफ्तार किया गया। मंजु कंवर द्वारा ही कृषि आराजी के विक्रय अनुबंध में असली मालकिन यशोदा कंवर पत्नि कमलसिंह राजपूत निवासी मिन्नाणा तहसील निम्बाहेडा के रूप में फर्जी तरीके से उसकी साथी आरोपी लसडावन निवासी 40 वर्षीय गंगा देवी पत्नि मुकेश राव व 26 वर्षीय ज्योति पत्नि कन्हैयालाल ढोली को खड़ी कर कृषि आराजी का इकरारनामा (विक्रय पत्र) प्रार्थीगण 1. दीपक शारदा, श्रीमति अन्जु जाट, 2. गोपाल जाट, कोशल काबरा, 3. सागर सोनी के नाम तीन बार सम्पादित करवाया है। मन्जू कवंर के साथ घटना में शरीक साथी महिला आरोपियों गंगा देवी पत्नि मुकेश राय व ज्योति पत्नि कन्हैयालाल ढोली को गिरफतार किया गया है। उक्त जमीन की असली मालकीन यशोदा कवंर रिश्ते में गिरफ्तार शुदा अभियुक्ता मंजु कंवर की भुआ की लड़की है। अभियुक्ता मंजु कंवर द्वारा षडयन्त्र रचकर तीन अलग-अलग फर्जी विक्रय अनुबंध के जरिये प्रार्थी पक्ष से कूल 23,30,300 रू. की ठगी करना सामने आया है। प्रकरण में गिरफतार शुदा आरोपियों से विस्तृत अनुसंधान जारी है।

**वंदे गंगा जल संरक्षण जल अभियान**

**जिले के प्रभारी मंत्री ने बांसवाड़ा में ली समीक्षा बैठक**

# जल स्वावलम्बन एवं हरयालो राजस्थान को जन अभियान बनायें - टीएडीमंत्री बाबुलाल खराडी



**बांसवाड़ा (पुकार)** । जिले के प्रभारी मंत्री एवं जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा विभाग मंत्री बाबूलाल खराडी ने प्रदेश सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों और अभियानों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं और कहा है कि हर स्तर पर सतत संवाद एवं समन्वय के साथ कार्य करें तथा जिले में इनसे संबंधित गतिविधियों को आशातीत सफलता दिलाएं।

मंत्री ने शनिवार को बांसवाड़ा जिला कलक्ट्री सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान की समीक्षा की और समय पर लक्ष्यार्जन करते हुए उपलब्धि हासिल करने पर बल दिया।

प्रभारी मंत्री ने जल स्वावलम्बन अभियान को जन अभियान बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें आम जन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जल संरक्षण गतिविधियों को व्यापक स्तर पर क्रियान्वित करें ताकि आने वाले समय में जल आत्मनिर्भरता के अच्छे परिणाम सामने आ सकें।

उन्होंने कहा कि जल स्वावलम्बन अभियान से जल स्त्रोतों एवं जलाशयों की साफ-सफाई एवं इन्हें आबाद करते हुए अधिकाधिक उपयोगिता सिद्ध करने की दिशा में सरकार के प्रयास रंग ला रहे हैं और प्रदेश भर में इस दिशा में सार्थक कार्य हो रहा है जिसका दीर्घकालीन फायदा प्रदेशवासियों को होगा।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा यह मुहिम आमजन के लिये वरदान साबित होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद दिया और कहा कि मुख्यमंत्री जी ने परम्परागत जल स्त्रोत बावड़ियों,तालाबों, बांधों एवं अन्य जल स्त्रोतों की सफाई और उनके संरक्षण की दिशा में जो कदम बढाया उसे हम सब को मिलकर आगे बढ़ाना है साथ ही पानी को सुरक्षित करके उसे बचाना हम सभी की अहम जिम्मेदारी है।

उन्होंने जल संरक्षण गतिविधियों में गुणवत्ता एवं अधिकाधिक उपादेयता के लिए गंभीर प्रयासों पर भी जोर दिया। उन्होंने हरियालो राजस्थान को सफल बनाने पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए सभी संभव तैयारियां करते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाये जाने की ठोस कार्ययोजना बनाई जानी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हरेक व्यक्ति पेड़ लगाए। खासकर स्कूली बच्चों को भी इसमें जोड़ा जाना चाहिए ताकि नई पीढ़ी पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता निभा सके। पेड़ लगाने के साथ ही इसके सुरक्षित पल्लवन और संरक्षित विकास पर भी पूरा-पूरा ध्यान केन्द्रित किया जाना चाहिए। ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर पर वृक्षारोपण गतिविधियों का व्यापक पैमाने पर आयोजन होना चाहिए। टीएडी मंत्री ने जिले में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक खुशहाली एवं सामाजिक विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया और कहा कि इन समूहों से जुडें लोगों और आम ग्रामीणों को उक्त अभियान, सामाजिक, राष्टीय एवं क्षेत्रीय सरोकारों से जोड़ने के लिए ग्राम्य जनप्रतिनिधि एवं जागरुक लोग आगे आएं। उन्होंने जल स्वावलम्बन एवं पौधारोपण का संदेश आम जन तक पहुंचाकर इन दोनों ही अभियानों में प्राथमिकता के साथ लक्ष्य हासिल करने का आह्वान किया और कहा कि यह हम सभी का सर्वोपरि फर्ज है। इसमें पीछे न रहें।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने 5 जून से चलाये जा रहें जल संरक्षण अभियान की अब तक की विभागवार किये गये कार्यो की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि 20 जून तक होने वाले कार्यो की रुपरेखा के अनुसार विभागवार जिम्मेदारी सौप दी गई है। उन्होंने बताया कि 5 जून से प्रारंभ हुए इस अभियान में उत्साह के साथ भाग लिया और आयोजनों में आमजन की भागीदारी बडी संख्या में रही है। बैठक में पीपीटी के माध्यम से अब तक अभियान को लेकर किये गये कार्यो की जानकारी दी गई।

जल संरक्षण अभियान की समीक्षात्मक बैठक में अधिकारियों को दिये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर अभीषेक गोयल,उपवन संरक्षक अभीषेक शर्मा,माही विभाग के अधीक्षण अभियन्ता आरसी मीणा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाललाल स्वर्णकार,सूचना एवं प्रौद्योकगिकी विभाग के सयुक्त निदेशक सत्येन्द्र शाह, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता मथुराप्रसार मीणा, वीरेन्द्र शाह, जिला शिाधिकारी जयदीप पुरोहित, जलग्रहण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता मुलाराम सौलकी, रामनारायण सहित अन्य विभाग के अधिकारी के साथ ही बांसवाडा प्रधान बलवीर रावत, जिला परिषद सदस्य हकरु मईडा, समाजसेवी सुनील दोसी,योगेश दिवाकर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

# विधायक गणेश घोगरा ने किया टीएडी बालिका छात्रावास का निरीक्षण, मिली ढेंरो खामियां

● छात्राओं की वेदना की विधायक ने ली सुध, टीएडी मंत्री से की दुरभाष पर चर्चा,,
● पौहें के पैकेट मिलें एक्सपायर, आटें में किडों की मौजुदगी से विधायक नाराज
● देंर शाम छात्रावास वार्डन पर गीरी गाज,मुल विभाग को किया रिलीव



**डूंगरपुर(पुकार)।** जिले में टीएडी विभाग के अन्तर्गत संचालित हॉस्टलो की दुदर्शा सार्वजनिक होने के बावजूद इसकी ओर न तो संभाग स्तरीय अधिकारी और ना ही जिला प्रशासन के कारिंदे इनकी जांच करके हॉस्टल में रहने वाली बालिकाओ एवं बालको के लिए पुख्ता इंतजामों की व्यवस्था करते है। क्योकि हॉस्टलो में होने वाले छात्रावास अधीक्षकों की नियुक्ति विभाग के अधिकारी व मंत्रियों की रहमोंकरम से होती है, ऐसे में हॉस्टलो में खाद्य सामग्री सप्लाई करने वाली कम्पनियों, व अधीक्षको की मिली भगत के खिलाफ कभी कार्यवाही अमल में नहीं लाई जाती हैं और इसी का परिणाम है कि हॉस्टलो में अव्यवस्थाओ का अम्बार लगा हुआ होता है। और शिकायतो के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं होती है।

**विधायक स्वयं पहुचें छात्रावास, मंत्री खराडी से की दुरभाष पर चर्चा:**

जिला मुख्यालय पर बहुउददेश्य जनजाति बालिका छात्रावास में अनियमितता पर शुक्रवार को जिला कलक्टर को अपना दुखडा सुनाने पहुची छात्रावास की बालिकाओं के दर्द को सुननें आखिरकार डूंगरपुर विधायक गणेश घोगरा शनिवार को सुबह बालिका छात्रावास पहुंचे। जहां पर निरीक्षण करने पर उन्हें सप्लायर की ओर से कीडे लगा आटा, एक्सपायर पौहे मिले। वही छात्रावास में मौजूद बालिकाओं ने वार्डन के रात के समय गायब रहने, फर्जी हाजरी भरने और लडकियों से काम कराने की भी शिकायत विधायक से की। छात्राओं ने शिकायत करने पर हॉस्टल से निकालने की धमकियां देने के आरोप भी वार्डन पर लगाए। छात्राओं ने विधायक को बताया कि हॉस्टल में गार्ड नहीं है। सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। खाना बनाने के लिए 4 महिलाएं है, लेकिन केवल 2 आती है। रोजाना खुद ही रोटियां और खाना बनाना पड़ रहा है।

छात्राओं ने कहां कि उन्हें कभी भी मीनू के अनुसार खाना नहीं मिलता है। रोटियां और खाना भी खुद बनाना पड़ता है। जिस पर विधायक ने राज्य सरकार और टीएडी मंत्री पर सीधे आरोप लगाते हुए टीएडी मंत्री, अधिकारियों के साथ ही वार्डन पर मिलकर भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाए।

**छात्रावास पहुचतें ही रसोईघर का किया निरीक्षण, जानी वास्तविकता :**

विधायक गणेश घोगरा निरीक्षण के दौरान सबसें पहलें छात्राओं सें मिलनें से पूर्व ही वार्डन मीना परमार के साथ रसोईघर पहुचें ओर निरीक्षण किया। जहां पर टीएडी के सप्लायर की ओर से सप्लाई किये गये आटे में कीडे मिले। उन्होंने मीनू के अनुसार दाल, सब्जी और रोटी की जांच की। इसके बाद उन्होंने स्टोर रुम में पहुंचे। जहां पर एक कट्टे में पोहा की पैकिंग पड़ी हुई थी। जो 11 दिन पहले 2 जून 2025 को ही एक्सपायर हो गया था। पैकेट पौहे भी एक्सपायर डेट के मिले। जिस पर विधायक ने वार्डन से संवाद किया तो वार्डन ने अपना पल्ला झाडते हुयें सप्लायर द्वारा सामग्री खराब देने की बात कही। जिस पर विधायक ने मंत्रीजी के प्रभार जिलें में विभागों में खुलकर भ्रष्टाचार की बात कही।

**छात्राओं ने कहा- घर के गेंहु साफ भी करवाती वार्डन:**

विधायक ने छात्राओं को बुलाकर उनसे संवाद किया तो उन्होंने बताया कि छात्राओं द्वारा वार्डन अपने घर के गेहूं साफ कराने की बाम भी सामने आई। वही वार्डन द्वारा प्रत्येक रुमवार रोटी बनाने की जिम्मेदारी देनें, वार्डन के कभी भी रात के समय हॉस्टल में नही ठहरने मीनू के अनुसार पिछले डेढ साल से भोजन नही देने, कुक कम हेल्पर दो कार्मिक लगे हुए है जो सिर्फ सब्जी बनाने जैसी समस्याएं सामने आई। वही छात्राओं ने कहा कि हॉस्टल में 100 का नामांकन है मौके पर सिर्फ 50 की उपस्थिति रहती है। शेष 50 की फर्जी हाजरी भरी जाती है। जबकि वार्डन को शिकायत करने पर निकालने की धमकी दी जाती है।

**मंत्री खराडी को मौंके पर ही लगाया कॉल, खराडी ने कहा कि विषय का पता:**

विधायक ने निरीक्षण ओर बालिकाओं से संवाद के बाद मौके पर ही टीएडी मंत्री बाबुलाल खराडी से फोन पर बात की। जिस पर मंत्रीजी ने शिकायत की समस्त जानकारी उन्हें प्राप्त होने की बात कहकर जल्द ही कार्रवाई अमल में लायी जानें की बात कही। विधायक ने टीएडी मंत्री से ओर अधिकारियों से फोन पर बात की ओर जांच कर दोषीयों के खिलाफ कार्यवाही की मांग रखी। जिस पर मंत्री ने देर शाम तक कार्यवाही करनें का आश्वासन भी दुरभाष पर दिया।

**विधायक नें लगाये मंत्री ओर अधिकारीयों पर आरोप:**

वही विधायक गणेश घोगरा ने इस लापरवाही की समस्त जिम्मेदारी टीएडी मंत्री बाबुलाल खराडी और अधिकारियों की है। उन्होंने बताया कि हॉस्टल में सप्लायर से मंत्री को सीधा हफता पहुंचता है। इसके अलावा वार्डन भी हर माह कमीशन मंत्री और अधिकारी तक पहुंचाते है। इसके कारण फर्जी हाजरी, कीडे लगा आटा और एक्सपायर पौहे की सप्लाई होती है। उन्होंने जल्द ही व्यवस्था में सुधार नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

# आदिवासी खेल संघ की खेल प्रतियोगिताएं सम्पन्न



**डूंगरपुर(पुकार)।** आदिवासी खेल संघ डूंगरपुर के तत्वावधान में चल रही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का समापन समारोह स्थानीय लक्ष्मण में क्रिकेट की फाइनल मैच के साथ सम्पन्न हुआ,तत्पश्चात अहमदाबाद में हुए हवाई जहाज हादसे में मारे गए नागरिकों के लिए सर्वप्रथम 2 मिनट के लिए श्रद्धांजलि दी गई एवं दोनों फाइनल टीमों ने कलाई पर काली पट्टी बांधकर शोक प्रकट किया साथ ही समापन समारोह में अतिथियों ने दुःख प्रकट करते हुए केवल श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित रहने का निर्णय लिया जिसमें डूंगरपुर-बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत, भाजपा नेता बंशीलाल कटारा, बिछीवाड़ा प्रधान देवराम रोत पोपट खोखरिया, भाजपा जिला महामंत्री करुण ननोमा सरपंच राकेश रोत शंकर लाल पदमात अशोक अहारी आदि उपस्थित हुए इसके पश्चात फाइनल मुकाबला रॉयल बिरसा क्लब सागवाड़ा एवं केबीसी सीमलवाड़ा के बीच खेला गया केबीसी सीमलवाड़ा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 80 रन बनाए जिसमें आलोक ने 35 रन व जॉनी कटारा ने 17 रन बनाए गेंदबाजी की तरफ से माही डेंडोर ने 3 विकेट लिए जवाब में बिरसा रॉयल क्लब सागवाड़ा निर्धारित ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 60 रन ही बना सके जिसमें सर्वाधिक अशोक ने 12 रन बनाए की तरफ से मेहुल डामोर ने 3 विकेट लिए साथ ही खो-खो का फाइनल खेला गया जिसमें धमकात फला विजेता गलियाकोट उपविजेता रही महिलाओं में जालुकुआ विजेता रही इसी तरह 100 मीटर दौड़ में प्रथम नीलम भगोरा द्वितीय प्रियंका डामोर एवं तृतीय मनीषा अहारी महिला वर्ग 200 मी प्रथम प्रियंका डामोर द्वितीय नीलम भगोरा एवं तृतीय मनीषा अहारी 400 मी दौड़ में प्रथम प्रियंका डामोर द्वितीय नीलम भगोरा एवं तृतीय कविता मेणात रहे इसी तरह पुरुष वर्ग में 100 मीटर में प्रथम पूनम चंद रोत द्वितीय कीर्तन डामोर एवं तृतीय कल्पेश रोत रहे 200 मीटर में प्रथम पूनम चंद रोत द्वितीय पप्पू मानत एवं तृतीय कल्पेश बरांडा रहे 400 मीटर दौड़ में प्रथम निलेश बरांडा द्वितीय कैलाश कटारा एवं तृतीय पप्पू मनात पुरुष वर्ग में रहे इसके पश्चात केवल ट्रॉफी वितरण समारोह किया गया आठ प्रकार के महिला एवं पुरुष के खेलो में जिसमें समस्त खेलों में विजेता विजेता को ट्राफी एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया समापन समारोह में आदिवासी खेल संघ जिला अध्यक्ष विकेश मौलात ब्लॉक अध्यक्ष सागवाड़ा राजेश रोत ब्लॉक अध्यक्ष सीमलवाड़ा राजेंद्र डामोर ब्लॉक अध्यक्ष आसपुर मनोज परमार ब्लॉक अध्यक्ष डूंगरपुर राजेंद्र तावड़ किशन डामोर दिलीप गरासिया प्रतीक कटारा हरीश मौलात शेखर डूंगरपुर मोहन कोटेड़ दशरथ कोटेड़ विनय तबियाड़ देवीलाल डामोर महिपाल कलासुआ विवेक गमेती चंदूलाल भराड़ा मनोज डामोर विक्रम डूहा, धनराज भमात, अजीत बरडा साथ ही अंतरराष्ट्रीय माउंटेनर हितेन डामोर व कपिल परमार को सम्मानित किया। संचालन मन्नालाल ननोमा एवं कमलेश अहारी कलारीया ने किया एवं आदिवासी खेल संघ डूंगरपुर के पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# गेपसागर झील में डिसल्टिंग कार्य जारी, आवक मार्गों की हुई साफ-सफाई

## वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान



**डूंगरपुर(पुकार)।** राज्य सरकार के निर्देशन में 5 जून से जिले में चलाए जा रहे है वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान अंतर्गत जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह के निर्देशन में जन सहभागिता कार्यों के अंतर्गत गेप सागर जलाशय के डिसिल्टिंग कार्य भारतीय जैन संगठना के माध्यम से किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शहर की ह्रदय स्थली गेप सागर जलाशय में 4 जून से डिसल्टिंग का कार्य किया जा रहा है लगातार चल रहे इस कार्य से गेपसागर से गाद निकालने से मानसून में गेप सागर की भराव क्षमता में वृद्धि होने से जल संचयन अधिक हो सकेगा।

इस दौरान जिला कलक्टर सिंह द्वारा लगातार निरीक्षण करते हुए जल आवक मार्गों की साफ सफाई करने,आवक मार्गों को खोलने के भी निर्देश प्रदान किए गए। इन निर्देशों के अनुपालना में गेप सागर आवक मार्गो की साफ सफाई भी लगातार जारी है। गेप सागर के आवक मार्गों की साफ सफाई होने से तथा आवक मार्ग खुलने से मानसून के दौरान बारिश के पानी की लगातार आवक जलाशय में हो सकेंगी तथा गहराई बढ़ने से जलभराव की क्षमता भी बढ़ेगी।

# अज्झपम योग शिविर सोमवार से सर्व समाज जन होंगे शामिल



**डूंगरपुर(पुकार)।** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में प्राकृत ज्ञान केसरी चर्या चक्रवर्ती आचार्य 108 सुनील सागर जी मुनिराज ससंघ के सानिध्य में सोमवार प्रातः 4.45 बजे से 6 बजे तक गौरीशंकर उपाध्याय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नंबर 6 परिसर में अज्झपम योग, अध्यात्म योग, शिविर आयोजित किया जाएगा। 7 दिवसीय इस शिविर में सर्व समाज के सभी आयु वर्ग के व्यक्ति भाग लेंगे। आचार्य संघ का मंगल प्रवेश रविवार को नया बस स्टैंड के पास भव्य स्वागत अगवानी के साथ होगा। जिसमें सुनील सागर युवा संघ भारत की तरफसे आचार्य संघ का नासिक ढ़ोल और 108 किलो गुलाब के फूलों की वर्षा से होगा।

सुनील सागर युवा संघ भारत के सभी युवा और महावीर दिगम्बर जैन चैत्यालय न्यास मंडल के साथ सभी समाजजनो ने भव्य शोभायात्रा की तैयारी कर ली गई है। शहर में जगह जगह पर स्वागत द्वार लगाए गए है। आचार्य संघ शहर के नए बस स्टैंड़ से शास्त्री मार्ग से आदर्श नगर लिंक रोड़ से महावीर दिगंबर जैन चैत्यालय में दर्शन कर पोस्ट ऑफिस के पास पांडाल में धर्म सभा को संबोधित करेंगे।

# विमान दुर्घटना के यात्रियों को सुंदरकांड पाठ से अर्पित की श्रद्धांजलि



**डूंगरपुर(पुकार)।** आषाढ़ मास तृतीया शनिवार को मातृशक्ति ग्रुप द्वारा शहर से दूर स्थित कनबा गांव के कष्ट भंजन हनुमानजी मंदिर में सायं महिला अध्यक्ष राजश्री शाह के नेतृत्व में अहमदाबाद में हुए भारतीय विमान की दुर्घटना में मृत यात्रियों की आत्मा की शांति और मोक्ष प्राप्ती के लिये सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सभी मातृ शक्ति कष्ट भजन हनुमान मंदिर पहुंची और गायक हर्षा कंसारा और अभिनव सहित तबला वादक के साथ ढ़ोल मंजिरो की थाप पर सामूहिक रूप से मधुर गायन के साथ सुंदरकांड पाठ किया। इसके पश्चात पुजारी मगनलाल गर्ग द्वारा श्री हनुमान जी की आरती की गई। प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर सभी ग्राम वासी भी उपस्थित रहे और मातृ शक्ति के साथ इस अवसर का लाभ लिया। डा अदिति गोठी के नेतृत्व में मातृ शक्ति ने दीप दान करवाकर सुंदरकांड पाठ सभी मृत यात्रियों को समर्पित कर 2 मिनिट का मौन रखकर विमान दुर्घटना के यात्रियों को श्रद्धांजलि दी गई। सामूहिक हनुमान चालीसा के साथ इस कार्यक्रम को विराम दिया। इस अवसर पर गंगेश्वर महिला भजन ग्रुप संयोजिका अंशुमाला पंचाल और समस्त मातृ शक्ति सदस्य उपस्थित रही।

# प्रदेश का दूसरा हैंगिंग ब्रिज पर जल्द ही होगी आवाजाही

## चिखली में माही नदी बन रहा हैंगिंग ब्रिज बनकर तैयार



**सीमलवाड़ा(पुकार)।** डूंगरपुर और बांसवाड़ा के लोगों के लिए खुशखबरी है । चीखली और आनंदपुरी के बीच माही नदी पर संगमेश्वर में बन रहा हैंगिंग ब्रिज लगभग तैयार है। इस पुल के बनने से दोनों जिलों के बीच की दूरी कम हो जाएगी और लोगों को आवागमन में आसानी होगी। लोग इस पुल के बनने का पिछले 9 साल से इन्तजार कर रहे थे । कोटा के बाद डूंगरपुर का ये हेंगिंग ब्रिज प्रदेश का दूसरा हेंगिंग ब्रिज होगा ।

गुजरात से सटे डूंगरपुर के चीखली ग्राम पंचायत के बेडूआ गांव में माही-अनास ओर जाखम नदियों के त्रिवेणी संगम संगमेश्वर ओर बांसवाड़ा जिले के आनंदपुरी के बीच हैगिंग ब्रीज का काम पिछले 9 सालो से चल रहा है। यह ब्रिज पूर्ववर्ती वसुंधरा सरकार के समय में तत्कालीन राज्यमंत्री ने कटारा के प्रयासों से 2016 में स्वीकृत हुआ था । सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान सरकार की ओर से हैंगिंग ब्रिज का काम करवाया जा रहा है। चीखली-आनंदपुरी सडक़ पर संगमेश्वर में माही नदी पर उच्च स्तरीय पुल का बन रहा है, जो प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा हैंगिंग ब्रिज है। जिसकी कूल लम्बाई 1.925 किलोमीटर लंबा है। इसके लिए स्वीकृत राशि में से सीआरएफ मद से 99.16 करोड़ एवं एसआरएफ से 34.85 करोड़ रुपए है 7 पिछले 9 साल से इस ब्रिज के बनने का इन्तजार कर रहे लोगो के लिए अब खुशखबरी है 7 ब्रिज का काम लगभग पूरा हो चुका है बस केवल फिनिशिंग का कार्य चल रहा है 7

**सफर होगा आसान, दूरियां होगी कम:**

इस पुल के बनने से चिखली से बेडुवा की दूरी 4 किमी और बेडुवा से आनंदपुरी की दूरी 4 किमी होगी। आनंदपुरी से मानगढ़ की दूरी 8 किलोमीटर है। ऐसे में इस पुल के बन जाने से चिखली से मानगढ़ की दूरी केवल 16 किलोमीटर ही रह जाएगी। वर्तमान में चिखली से सागवाड़ा, परतापुर होकर मानगढ़ जाने के लिए 115 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है।

# लायंस क्लब डूंगरपुर चुनाव सम्पन्न,दीपक जैन बने अध्यक्ष



**डूंगरपुर(पुकार)।** लायंस क्लब डूंगरपुर के वार्षिक चुनाव वर्ष 2025-26 के लिए गुरुवार को उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुए। इस अवसर पर क्लब के नए पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। चुनाव में दीपक जैन को क्लब का अध्यक्ष,अभिषेक पंचाल को सचिव तथा प्रशांत दोशी को कोषाध्यक्ष पद के लिए चुना गया। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य रोशन दोशी, सुशील शर्मा, सिद्धार्थ मेहता,विवेक दोशी, ललित शुक्ला, लोकेश गांधी, हरीश पंड्या, हितेश चौबीसा आदि सदस्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने क्लब की सेवा गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, 12 साल पहले कीया था प्रेम विवाह

**पति ने बताया-तबीयत बिगड़ी, पीहर पक्ष ने जताया संदेश**

**डूंगरपुर(पुकार)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के कुशालमगरी में एक महिला की घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला की मौत पर पीहर पक्ष ने संदेह जताया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाने के सब इंस्पेक्टर रमेश ने बताया कि सरकन कोपचा निवासी शंकरलाल रोत ने बताया कि उसकी बेटी माया ने 12 वर्ष पहले सरकण कोप्चा निवासी महेंद्र के साथ प्रेम विवाह किया था। उसके दो बच्चे भी हैं। माया ओर महेंद्र अपने बच्चों के साथ डूंगरपुर शहर की कुशालमगरी में रह रहे थे। महेंद्र का शनिवार सुबह फोन आया की माया को कुछ हो गया है। वह बोल नहीं रही है। उसे अस्पताल लेकर आया हूं। जिस पर पीहर पक्ष अस्पताल पहुंचा तो पता लगा की माया की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव को मोर्चरी में रखवाया,जहां पीहर पक्ष ने मौत पर संदेह जताया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है । वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कलाल समाज चौखला चौरासी की बैठक पीठ में आज

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** मोड मेवाड़ा कलाल समाज चौखला चौरासी की कार्यकारिणी ओर युवा कार्यकारिणी की बैठक रविवार को दोपहर 12 बजे पीठ कस्बे में समाज नोहरे में आयोजित रखी गई है। समाज की ओर से 29 जून को प्रतिभावान सम्मान समारोह एवं समाज नियमावली पुस्तक विमोचन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में समाज के बुजुर्ग महिला पुरुष जिनकी आयु 75 साल या ज्यादा है, उन्हें भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। कार्यकारिणी पदाधिकारी को सम्मान होने वालें बुजुर्ग का आधार कार्ड की कॉपी ओर उनका नाम, बोर्ड परीक्षा, कॉलेज कंप्लीट ओर उच्च शिक्षा में वर्ष 2023-24 ओर 2025 में उत्तीर्ण मेघावी बच्चे जिनके 60 प्रतिशत ओर ज्यादा अंक है। उनकी सूची, मार्कशीट की कॉपी ओर आर्थिक सहयोग बैठक में लेकर आने के निर्देश दिए हैं। 15 जून के बाद किसी की भी मार्कशीट स्वीकार नहीं की जाएगी।

### छात्रावासों की बदहाली पर सांसद राजकुमार ने जताई चिंता

- **टीएडी छात्रावास में छात्राओं को परोसा जा रहा कीड़ों वाला भोजन- रोत**
- **प्रबंधन के नाम पर डबल इंजन की सरकार हो रही विफल- रोत**
- **टीएडी मंत्री बाबुलाल खराडी को लिखा पत्र**

**डूंगरपुर(पुकार)।** बांसवाड़ा से सांसद राजकुमार रोत ने आदिवासी बालिका छात्रावास की बदहाली पर चिंता जताई है। उन्होंने शनिवार दोपहर दो बजे जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच की मांग की। साथ ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई की बात कही। सांसद ने पत्र में बताया कि छात्रावास में रहने वाली बालिकाओं को लंबे समय से कीड़े लगे और खराब गुणवत्ता वाला भोजन दिया जा रहा है। इससे कई छात्राएं बीमार हो चुकी हैं। छात्रावास में साफ-सफाई नहीं है। पीने का पानी गंदा है। बिजली और सुरक्षा की व्यवस्था भी नहीं है। रसोइया और वार्डन नियमित रूप से गैरहाजिर रहते हैं। छात्राओं को खुद रोटियां बनानी पड़ रही हैं। नियम के अनुसार वार्डन को छात्रावास में ही रहना चाहिए। लेकिन वे हर दिन शाम 6 बजे के बाद छात्रावास छोड़ देती हैं। छात्रावास की क्षमता 100 बालिकाओं की है। फिलहाल वहां 50 से 60 छात्राएं ही रह रही हैं। इसके बावजूद रजिस्टर में 100 छात्राओं की उपस्थिति दर्ज की जा रही है। यह साफ तौर पर फर्जीवाड़ा है। जब छात्राएं इन गड़बड़ियों का विरोध करती हैं तो उन्हें छात्रावास से निकालने की धमकी दी जाती है।

उन्होंने मंत्री से मांग की कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए। दोषी वार्डन, भोजन आपूर्तिकर्ता, कुक-हेल्पर और अन्य अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। सांसद ने कहा कि छात्राओं को पोषणयुक्त भोजन, नियमित स्वास्थ्य जांच और सभी जरूरी सुविधाएं तुरंत दी जाएं। उन्होंने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है। राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार इस संवेदनशील मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई करेगी और आदिवासी छात्राओं को न्याय दिलाएगी।

### जिला कलक्टर के निर्देश पर हुई तत्काल साफ-सफाई की कार्यवाही

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह के निर्देश पर तत्काल कार्यवाही करते हुए साफ सफाई कर कचरे के ढेर को हटाया गया।

जिला कलक्टर सिंह को पंचायत समिति साबला की ग्राम पंचायत मुंगेड के मुख्यालय पर बस स्टैंड के उदयपुर मार्ग पर कचरे के ढेर पड़े होने तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई नहीं होने, नालियों की सफाई नहीं होने तथा गंदगी जमा होने से जहरीले जीव जंतुओं,मच्छरों की संख्या बढ़ने आदि की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस पर जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने पंचायत के संबंधित अधिकारियों को तत्काल कचरे के ढ़ेरों को हटवाने, सभी क्षेत्रों में साफ सफाई करवाने तथा सफाई हेतु नियुक्त कर्मचारियों को नियमित साफ-सफाई हेतु पाबंद करने तथा कार्यवाही के बाद रिपोर्टिंग करने के भी निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर सिंह के निर्देशों के पश्चात तत्काल कार्यवाही कचरे के ढ़ेरों को हटाया गया। कार्यवाही के बाद फोटोग्राफके साथ जिला कलक्टर को रिपोर्टिंग भी की गई।

### छह वर्ष पहले चोरी हुई बाइक बरामद

**सागवाड़ा पुलिस ने आरोपी को गुजरात से पकड़ा, घर के बाहर से की थी चोरी**

**डूंगरपुर(पुकार)।** सागवाड़ा थाना पुलिस ने 6 साल पुराने बाइक चोरी के मामले में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी राजेंद्र परमार को गुजरात से गिरफ्तार किया है। आरोपी उदयपुर जिले के पहाड़ा थाना क्षेत्र के सरेरा का रहने वाला है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला 31 अगस्त 2019 का है। कांतिलाल तेली ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी होंडा शाइन मोटरसाइकिल उनके मकान की बाउंड्री के बाहर से चोरी हो गई। बाइक हैंडल लॉक की हुई थी। वारदात के बाद से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के निर्देशन में गठित टीम ने जांच के दौरान पाया कि आरोपी राजेंद्र परमार मौज-शौक के लिए बाइक चोरी करता था। वह चोरी की बाइक को बेचकर पैसे खर्च कर देता था। पुलिस टीम में थानाधिकारी मदनलाल, एसआई लक्ष्मीलाल, हेड कॉन्स्टेबल कमलेश और कॉन्स्टेबल दिनेश शामिल थे। टीम ने आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। पुलिस मामले में आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का छठा दिन

**डूंगरपुर(पुकार)।** विद्या भारती शिक्षण संस्थान की ओर से विद्यानिकेतन माध्यमिक विद्यालय नई बस्ती में आयोजित दस दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के छठे दिन जिला समिति सदस्य एवं रावि वागदरी के प्रधानाचार्य गजेश जोशी सेवानिवृत प्रधानाचार्य एवं समाजसेवी बाबूलाल पंड्या संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नगरपरिषद के उपसभापति सुदर्शन जैन पूर्व छात्र विभाग में कार्यरत हिमांशु राज सिंह के आतिथ्य में वंदना एवं बौद्धिक सत्र का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या भार्गवी द्विवेदी ने अतिथि का परिचय करवाया व सागवाड़ा के प्रधानाचार्य जितेंद्र जोशी व अरविंद पंड्या ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि गजेश जोशी ने उद्बोधन में कहा कि अच्छा वक्ता लिखता है विश्व का सबसे बड़ा संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है हम सभी का बड़ा सौभाग्य है कि हम सभी को उसमें जुड़ने का व कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सुविधाएं जिसको खरीदा जा सकता है, लेकिन सुख खरीदा नहीं जा सकता है। सुख की प्राप्ति केवल अध्यात्म से है कुटुंब व्यवस्था धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। मोबाइल का उपयोग बढ़ रहा है, जो परिवार और समाज के लिए ठीक नहीं है यदि हम शक्ति चाहते हैं। हमारे सनातन धर्म के ग्रंथ बहुत उपयोगी है, विदेशी संस्कृति से हमारी परंपरागत संस्कृति का नुकसान हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### लव यू पापा कार्यक्रम आज

**उदयपुर (पुकार)।** फादर्स डे के मौके पर 15 जून को शाम 6 बजे एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में लव यू पापा कार्यक्रम होगा। आयोजन निदेशक मिताली जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम पिता के प्रति कृतज्ञता जताने के लिए आयोजित किया गया है। छह प्रारूपों में ऑनलाइन और लाइव प्रतियोगिताओं में विजेता रहे प्रतिभागियों का अभिनन्दन होगा। कार्यक्रम राहड़ा फाउंडेशन, अजब सेवा संस्थान और सक्षम सोसायटी जेएसजी समता की साझेदारी में होगा। प्रतियोगिताओं में पिता के साथ पसंदीदा गाने पर डांस (ऑनलाइन), पिता को समर्पित गीत प्रतियोगिता (ऑनलाइन), पिता की फोटोग्राफी चैलेंज (ऑनलाइन), इंस्टाग्राम रील मेकिंग चैलेंज (ऑनलाइन), सुपर सिक्स क्रिकेट (लाइव) और फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता (लाइव) शामिल हैं। बी योर्स और मिताली इवेंट्स के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित लव यू पापा कार्यक्रम में राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। अध्यक्षता जिला कलेक्टर नमीत मेहता व मंच मनीषा के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़,श्री नाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट नाथद्वारा के एम. डी अशोक पारीक अनुष्का लॉ कॉलेज के एम. डी राजीव सुराणा , आदिनाथ पब्लिक स्कूल के निदेशक एच एस कंठालिया , अरुणोदय इंपैक्स एम. डी पुष्पेंद्र जैन सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न व्यक्तियों व संस्थानों द्वारा लव यू पापा थीम पर नृत्य,संगीत,नाट्य,तलवारबाजी द्वारा पिता के प्रति समर्पण दिया जाएगा। वहीं 10 उन पिताओं का अभिनन्दन किया जायेगा जिन्होंने अभावों में जी कर भी अपने बच्चों को सफलता के शिखर पर पहुंचाया।

### योगा के प्रति जागरूकता फलाने के लिए गणगौर घाट पर योगाभ्यास



**उदयपुर (पुकार)।** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले इंटरनेशनल योगा डे से पूर्व आम लोगो को योगा से जोड़ने, स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने, ध्यान एवं योगा के प्रति जन जागरूकता फैलाने के क्रम में स्व. डॉ.सुंदरलाल दक द्वारा स्थापित योग सेवा समिति उदयपुर के योगाचार्य एवं योग गुरु विजयबहादुर यादव ने आज शहर के गणगौर घाट पर संस्था से जुड़े सदस्यों के साथ पर्यटकों को भी ध्यान व योगा का अभ्यास कराया।

### शांतिनाथ जिनालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम



**उदयपुर (पुकार)।** हिरणमगरी से. 3 स्थित शान्तिनाथ जिनालय में 26 वां ध्वजारोहण कार्यक्रम आचार्य देव विजय रत्नसेनसूरीश्वरजी म.सा. एवम प्रन्यास प्रवर निराग रत्न विजय म. सा. आदि ठाणा 8 एवम सरल स्वभावी कीर्तिरेखा श्रीजी म. सा. आदि ठाणा-13 की की निश्रा में सम्पन्न हुआ।

समाजसेवी सुशील बांठिया ने बताया कि इस अवसर पर सकल श्रीसंघ की उपस्थिति में उपरोक्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस वर्ष के ध्वजा के लाभार्थी जीवन सिंह- निशा, नवीन-अंकिता, गर्वित एवम निर्वी कंठालिया परिवार रहे। आगामी वर्ष के ध्वजा के लाभार्थी भंवरलाल, मनोज पोरवाल परिवार रहेंगे।

### ऑनलाइन 'योग प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता' 18 को

**उदयपुर (पुकार)।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर विभिन्न आयोजन 16 जून से प्रारंभ हो रहें हैं। सहायक नोडल अधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ शोभालाल औदीच्य ने बताया कि 16 जून से योग सप्ताह प्रारंभ हो रहा हैं, जिसमें अधिकाधिक आमजन, योगप्रेमी भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। 16 जून को प्रातः 6:30 से 8 बजे तक दुर्गा नर्सरी रोड स्थित सुखाड़िया समाधि पर योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास करवाया जाएगा। 17 जून को प्रातः 6:30 से 8 बजे तक सहेलियों की बाड़ी में योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास करवाया जाएगा। 18 जून को ऑनलाइन योग आधारित 'सामान्य ज्ञान योग प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता' का आयोजन होगा। ऑनलाइन योग प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के संयोजक योगी अशोक जैन ने बताया कि 18 जून को प्रातः 9 बजे से आरोग्य समिति राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिंधी बाजार व पतंजलि योग समिति, उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में सामान्य ज्ञान योग प्रश्नोत्तरी का आयोजन प्रातः 9 बजे से ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। योगप्रेमी, इच्छुक प्रतिभागी क्यू आर कोड स्कैनर या चलभाष के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के ग्रुप से जुड़ सकते हैं। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

### निशुल्क ह्रदय रोग परामर्श शिविर आज, सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक होगा आयोजन

**उदयपुर (पुकार)।** भारतीय जैन संघटना व जैन जागृति सेन्टर उदयपुर एवं एपिक हॉस्पिटल अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में उदयपुर और आस पास के क्षेत्रवासियों के लिए विशाल निऱ्शुल्क ह्रदय रोग परामर्श शिविर का आयोजन रविवार सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक 100 फीट रोड स्थित शुभ केसर गार्डन में संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत के निर्देशन में सम्पन्न होगा।

बीजेएस अध्यक्ष दीपक सिंघवी एवं जेजेसी अध्यक्ष अरूण मेहता ने बताया कि शिविर में प्रख्यात ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल जैन और उनकी टीम द्वारा परामर्श दिया जाएगा। शिविर में अलग-अलग स्लॉट के माध्यम से सभी लोगों को समय दिया गया जो अपने समय होने पर शिविर में जाकर जांच करवाएंगे।

बीजेएस के कार्यकारी अध्यक्ष भूपेन्द्र गजावत व जेजेसी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन लोढ़ा ने बताया कि शिविर में वरिष्ठ कार्डियोवैस्कुलर सर्जन व कार्डियक इंटेंसिविस्ट रोगियों को परामर्श देंगे, निशुल्क ह्रदय रोग उच्च शिविर में जांच पूर्व रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होंगे। शिविर में ह्रदय रोगी थकान महसूस होना, पेट के ऊपरी भाग में जलन होना, छाती में दर्द होना, बेचैनी होना, ह्रदय की अनियमित धडक़न जिन मरीजों ने एंजियोग्राफी एन्जिओप्लास्टि, ईको कार्डियोग्राफी, पेसमेकर वॉल सर्जरी, बायपास सर्जरी , बेन्टल सर्जरी, एएसडी, वीएसडी कराया हो या जिनका करवाने की सलाह दी गई है साथ ही अनियंत्रित ब्लड प्रेशर ह्रदय सूल वाले मरीजों को इस शिविर में परामर्श दिया जाएगा।

बीजेएस के महामंत्री जितेन्द्र सिसोदिया एवं जेजेसी के महामंत्री ललित कोठारी ने बताया कि शिविर में वरिष्ठ कार्डियक सर्जन कार्डियोलोजीस्ट चिकित्सक डॉ अनिल जैन, एमएस डीएनबी कार्डियोवैस्कुलर सर्जन, डॉ राजन मोदी, डॉ निकुंज शेखेड़ा, डॉ खुश भट्ट, डॉ. कुणाल अनिल जैन, कार्डियक इंटेंसिविस्ट एवं कार्डियक फिजिशियन डॉ सतीश पटेल व डॉ. पराग सेवसानी उपस्थित रहेंगे।





**वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान : जिला कलक्टर के नेतृत्व में जिला प्रशासन की ओर से गंगू कुंड पर श्रमदान**

# अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों, खिलाड़ियों व विद्यार्थियों ने दिखाया अपार उत्साह

**उदयपुर (पुकार)।** गंगू कुंड पर शनिवार प्रातःकाल विशेष चहल-पहल रही। जिले का प्रशासनिक कार्य करने वाले आला अधिकारियों के हाथ में बड़े-बड़े झाड़ू और साफ-सफाई के अन्य औजार थे। सभी ने जब झाड़ु बुहारना प्रारम्भ किया तो वहां उपस्थित आमजन भी उनके साथ जुट गए। अवसर था वंदे भारत जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिला प्रशासन की ओर से आयोजित गंगू कुंड पर श्रमदान का।

जिला कलक्टर नमित मेहता ने कार्यक्रम की कमान स्वयं सम्भाली और अधीनस्थ अधिकारियों के लिए प्रेरणा बने। देखते ही देखते जिसे जहां कचरा और गंदगी दिखाई दी वह उसे साफ करने में जुट गया। कुंड के आस-पास स्थित छतरियों के बीच अटी-पड़ी गंदगी, दीवारों में उग आए पीपल के पौधे व झाड़ियां, कंकड़-पत्थर, कीचड़, गाद निकालने का कार्य किया जाने लगा। उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं अन्य लोग जिला कलक्टर के कंधे से कंधा मिलाकर श्रमदान में जुट गए। करीब डेढ़ घंटे चले श्रमदान के दौरान सभी के माथे पर पसीनें की बूंदें टपक रही थीं लेकिन चेहरे पर उत्साह व अभियान में सहभागिता की संतुष्टि झलक रही थी। श्रमदान से परिसर से निकले कचरे को इकट्ठा कर निगम के कंटेनर्स में भरकर वहां से ले जाया गया। अभियान के तहत गंगू कुंड परिसर में जिला कलक्टर ने आम का पौधा भी रोपा।



#### श्रद्धालु लें नियमित सफाई की जिम्मेदारी

गंगू कुंड परिसर स्थित मंदिरों के पुजारियों ने जिला कलक्टर को अवगत कराया कि पूजा-पाठ एवं अन्य अनुष्ठानों के लिए आने वाले लोग परिसर में कचरा छोड़ जाते हैं। टोकने पर कुछ लोग कचरे का निस्तारण कर देते हैं लेकिन अधिकांश अनसुना कर देते हैं। इस पर जिला कलक्टर ने पुजारियों से कहा कि यहां नियमित आने वाले श्रद्धालुओं की एक टीम तैयार करें जो स्वेच्छा से परिसर को साफ रखने का बीड़ा उठाए। यहां आने वालों को अनुष्ठान पश्चात सफाई के लिए प्रेरित करने कार्य भी यह टीम करें। इससे न केवल परिसर साफ रहेगा बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणा भी बनेगा। आमजन को जल संरक्षण व स्वच्छता के प्रति जागरूक करना ही वंदे गंगा अभियान का उद्देश्य है।

#### अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि व समाजसेवी भी जुटे

पूर्व उप महापौर पारस सिंघवी भी जिला प्रशासन के इस श्रमदान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और श्रमदान किया। समाजसेवी गजपाल सिंह चौहान उनके कई कार्यकर्ताओं के साथ सम्मिलित हुए। उदयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त राहुल जैन, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, जिला परिषद सीईओ रिया डाबी, दोनों एडीएम दीपेंद्र सिंह व वार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस सृष्टि डबास सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने साफ-सफाई का कार्य किया। एसडीआरफ, सिविल डिफेंस (जिला क्विक रेस्पोंस टीम), हिंदुस्तान स्काउट-गाइड, भारत स्काउट-गाइड के स्वयंसेवक, खिलाड़ी, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में आमजन जिला प्रशासन के इस श्रमदान कार्यक्रम के सहभागी बने।

#### रायजी की बावड़ी और नाथेला तालाब का निखारा स्वरूप

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत श्रमदान के पश्चात मावली स्थित रायजी की बावड़ी और नाथेला तालाब का स्वरूप निखर आया। नाथेला तालाब में गंदगी का अंबार लगा था जिसकी वजह से पानी भी दूषित हो रहा था। शनिवार को अभियान के तहत उपखंड अधिकारी रमेश सिरवी के नेतृत्व में उपखंड स्तरीय अधिकारियों, स्वयंसेवकों, आमजन का दल तालाब पहुंचा और तालाब की सफाई में जुट गया। देखते ही देखते तालाब की पाल एवं पेटे में पड़े कचरे एवं गंदगी को बाहर निकाल फैंका। इसी प्रकार मावली कस्बे में स्थित ऐतिसाहिक कलात्मक बावड़ी रायजी की बावड़ी भी साफ-सफाई के अभाव में कचरे व गंदगी से अटी पड़ी थी। अभियान में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाते हुए उपखंड अधिकारी के नेतृत्व में बावड़ी की सफाई कर इसका रूप निखार दिया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी सिरवी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पूरा प्रदेश जल संरक्षण के लिए जन अभियान में जुटा है। हमारे जलस्त्रोतों को साफ रख कर हम जलसंरक्षण के प्रति अपना उत्तरदायित्व को निभा सकते हैं।

# 'वन्दे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान के तहत सीएसआर कार्यशाला सम्पन्न

**मादड़ी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित यूसीसीआई सभागार में हुआ आयोजन**

**जल संरक्षण के लिए संवेदनशीलता और औद्योगिक भागीदारी पर दिया गया ज़ोर**

उदयपुर (पुकार)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत शनिवार की मादड़ी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित उदयपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (यूसीसीआई) सभागार में जिला स्तरीय सीएसआर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर नमित मेहता ने कहा कि उदयपुर की पहचान इसकी झीलों और जल-संस्कृति से है। यह विडंबना है कि हम अनावश्यक वस्तुओं को प्राथमिकता देते हैं, लेकिन जीवन के सबसे आवश्यक तत्व पानी को नजरअंदाज करते हैं। हमें इसकी महत्ता को समझना होगा और हर व्यक्ति को इसके संरक्षण की दिशा में जागरूक करना होगा। उन्होनें उद्यमियों का आह्वान किया कि वे सीएसआर के माध्यम से जुड़कर वंदे गंगा अभियान में अपनी अधिकाधिक



भागीदारी सुनिश्चित कर जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, झीलों के संरक्षण एवं पुराने जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्द्धन में अपना योगदान दें। उन्होने उपस्थित उद्यमियों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई।

यूसीसीआई के अध्यक्ष मनीष गलुण्डिया ने प्रशासन को यह विश्वास दिलाया कि सभी उद्यमी वन्दे गंगा जल संरक्षण अभियान में राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य करेंगे। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक शैलेन्द्र शर्मा ने उपस्थित सभी उद्यमियों एवं अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला में यूडीए आयुक्त राहुल जैन, प्रशिक्षु आईएएस सृष्टि डबास, निगम उपायुक्त दिनेश कुमार मण्डोवरा, उदयपुर मार्बल प्रोसेसर्स समिति अध्यक्ष कपिल सुराणा, लघु उद्योग भारती अध्यक्ष राजेन्द्र सुराणा, एसएसआई एसोसिएशन अध्यक्ष वाई.एस. सिंघवी एवं यूसीसीआई पूर्व अध्यक्ष एम.एल. लुणावत सहित कई अन्य उद्यमी उपस्थित रहे।

#### जल संरक्षण योजनाओं और तकनीकों पर प्रकाश डाला

कार्यशाला का प्रारम्भ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संदेश के प्रसारण के साथ हुआ। वाटरशेड विभाग के अधीक्षण अभियंता अतुल जैन ने विभाग की ओर से मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 के तहत जल संरक्षण संरचनाओं, योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी साझा की। भू-जल विभाग की नोडल अधिकारी मोनिका राठौड़ ने जल संरक्षण की विभिन्न पद्धतियों और उनके प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए जल के महत्व को रेखांकित किया। वाटर हार्वेस्टिंग एक्सपर्ट महेष गढ़वाल ने भूजल स्तर को बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी। रीको के वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक अजय पण्डया ने बताया कि रीको औद्योगिक क्षेत्र में 500 वर्ग मीटर के अधिक के भूखण्डों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्टर बनाया जाना अनिवार्य है। उन्होंने सभी उद्यमियों से फैक्ट्री में जल संचय के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की अपील की। जिला परिषद सीईओ रिया डाबी ने उद्यमियों से अपील की कि वे सीएसआर के माध्यम से इस अभियान से जुडे एवं इसका हिस्सा बनें। उदयपुर जिले में भूजल स्तर निरन्तर कम होता जा रहा है। नागरिक के रूप में यह हम सभी का कर्तव्य है कि हम जल संरक्षण अभियान में सहभागी बनें।



### प्रदुषण मुक्त औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण एवं कार्यशाला आयोजित

**उदयपुर (पुकार)।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पखवाड़े के तहत झाड़ोल की ब्राह्मणों का खेरवाड़ा पंचायत के नामली गांव में प्रदूषण मुक्त आद्योगिक इकाई का भ्रमण एवं कार्यशाला का आयोजन उपखंड अधिकारी कपिल कोठारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

तहसीलदार डॉ सुरेश नाहर ने बताया कि चंद्रकाश क्लीनफ्यूल प्राइवेट लिमिटेड परिसर में ब्राह्मणों का खेरवाड़ा की सरपंच प्रेम देवी एवं सचिव नितिन जोशी ने उपस्थित सभी मेहमानों का पगड़ी एवं ऊपरणे से स्वागत किया। मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी कपिल कोठारी ने पर्यावरण संरक्षण तथा वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया। तहसीलदार डॉक्टर सुरेश नाहर ने जल संरक्षण एवं पुराने जलाशयों के मरमत एवं विकास पर बल दिया। विकास अधिकारी जितेंद्र सिंह राजावत ने प्रदूषण को कम करने तथा पानी के सदुपयोग पर प्रकाश डाला। मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी मोरध्वज व्यास ने वर्तमान में वृक्षारोपण की प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किये। अभियंता अभिषेक शर्मा तथा नरेंद्र सिंह ने 50 विद्यार्थियों तथा उपस्थित मेहमानों को सीएनजी उत्पादन से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रायोगिक रूप से दी। संस्थान के डायरेक्टर करुणा शंकर जोशी ने बताया कि घर-घर इकट्ठे किए जाने वाले कचरे से सीएनजी का उत्पादन किया जा सकता है जो भविष्य में एक क्रांतिकारी नवाचार होगा। इस अवसर पर पूर्व उपसरपंच अरविंद जोशी, राजस्व निरीक्षक सुरेश मेघवाल, पटवारी नेहा सुथार, प्रकाश लौहार, प्रणय जैन उपस्थित रहे। धन्यवाद समाज सेवी रूपलालजी ने ज्ञापित किया।

### विद्यार्थियों ने किया लोकमित्र ब्लड बैंक का भ्रमण



**उदयपुर (पुकार)।** ऐश्वर्या कॉलेज के विद्यार्थियों ने वर्ल्ड ब्लड डोनर दिवस के अवसर पर लोकमित्र ब्लड बैंक का शैक्षिक भ्रमण किया, जहां डॉ. महेंद्र श्रीमाली ने उन्हें रक्त के महत्व, रक्त के विभिन्न घटकों के पृथक्करण विधियों और रक्त भंडारण विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर डॉ. महेन्द्र श्रीमाली ने बताया कि बताया कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण मानवतावादी कार्य है, जो कई जीवन बचा सकता है। उन्होंने रक्त के विभिन्न घटकों जैसे लाल रक्त कोशिकाएं, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स के बारे में बताया जो मानव जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने बताया कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है इसे केवल मनुष्य ही दान कर सकता है। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ रितु पालीवाल ने कहा कि रक्त दान केवल एक दान नहीं बल्कि एक जीवन दान है। कभी कभी दुर्घटना, बीमारियों और ऑपरेशन या अन्य कारणों से किसी व्यक्ति को रक्त की तत्काल आवश्यकता पड़ जाती है, ऐसे समय में केवल रक्त दान ही उस व्यक्ति की जान बचा सकता है। कॉलेज के विद्यार्थियों ने इस भ्रमण के माध्यम से रक्तदान के महत्व को समझा और समय समय पर रक्त दान करने के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर भूमिका नागदा, मयूर बत्रा, रियल सिंघवी, ध्रुवी व अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# श्रीमाली समाज के संस्कार शिविर का आगाज

## वैदिक मंत्रों के साथ सनातन संस्कृति की शिक्षा ग्रहण करेंगे नन्हें बच्चे

**उदयपुर (पुकार)।** श्री श्रीमाली समाज ब्राह्मण संस्था मेवाड द्वारा समर कैंप के रूप में समाज के संस्कार भवन में संस्कार शिविर का आगाज हुआ। 22 जून तक अब समाज के नन्हें बच्चों को सनातन संस्कृति से जोडते हुए वैदिक मंत्रों की शिक्षा दी जायेगी। संस्कार भवन में अब अल सुबह नन्हें बच्चों की मधुर आवाज में मंत्रोंच्चार की गूंज सुनाई देगी।

श्री श्रीमाली समाज ब्राह्मण संस्था मेवाड के तत्वावधान में आयोजित समाज के इस पहले संस्कार शिविर में ज्योतिष शास्त्र, वैदिक पूजा पद्धति और वैदिक मंत्रों की शिक्षा बच्चों को दी जायेगी। इस शिविर में वैसे तो बच्चों को शिक्षा देना लक्ष्य था लेकिन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के दौरान हर उम्र वर्ग के समाज के सदस्यों ने अपनी रूचि दिखाई है। 22 जून तक प्रतिदिन सुबह 7.00 से 9.30 बजे तक समाज के वैदिक विशेषज्ञों द्वारा यह शिक्षा ग्रहण कराई जायेगी।





संस्कार शिविर के संयोजक कुंदन श्रीमाली ने बताया कि शिविर का आगाज समाज के अध्यक्ष दिग्विजय श्रीमाली की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान नन्हें बच्चों सहित वैदिक पद्धति की जानकारी लेने के इच्छुक सभी समाजजनों को पंडित मनोहर श्रीमाली ने शास्त्रों की जानकारी दी। साथ ही वैदिक मंत्रोच्चारण का अभ्यास करवाया। ज्योतिष के बारे में आचार्य नरेश श्रीमाली ने शिविरार्थियों को बताया और नक्षत्र सहित ज्योतिष की बारीकियों का अध्ययन करवाया। संयोजक कुंदन श्रीमाली ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के बच्चों को सनातन संस्कृति के साथ छोटी उम्र में ही जोडना हैं जिससे उन्हें भारतीय संस्कृति से जुडाव का अहसास रहे। इसके अलावा बच्चें वैदिक पद्धति की जानकारी बच्चों सहित समाज के सभी इच्छुक सदस्यों को दी जा सके।

संस्कार शिविर के सहसंयोजक प्रदीप श्रीमाली द्वारा अतिथियों का उपरना ओढ़ाकर सम्मान किया। प्रदीप श्रीमाली ने बताया कि शिविर में 50 बच्चों सहित समाज के 100 से ज्यादा सदस्यों ने रजिस्ट्रेशन करवाए हैं। शिविर के दौरान डॉ नर्बदा शंकर श्रीमाली द्वारा नित्यकर्म की 50 पुस्तके बच्चों को भेंट की गई।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमशंकर श्रीमाली, पंडित मनीष श्रीमाली, रिटायर्ड प्रिंसिपल भारती श्रीमाली, युवा शाखा मेवाड़ प्रभारी उमेश श्रीमाली, चेतन श्रीमाली, भरत श्रीमाली, राहुल श्रीमाली, गिरीश श्रीमाली, मनीष श्रीमाली, श्याम सुंदर श्रीमाली, पंकज श्रीमाली, लव श्रीमाली, दिनेश श्रीमाली, राजेश श्रीमाली मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.